संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 01 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 31 पृष्ठः 12 RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया। आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, उम्मीद है मौजूदा संसद के आखिरी सेशन में ऐसे सांसद आत्म निरीक्षण करेंगे।

## 63वीं जन्म जयंती



**बाधाएं आती हैं आएँ, घिरें प्रलय की घोर घटाएँ, पावों के नीचे अंगारे,**
**सिर पर बरसें यदि ज्वालाएं, निज हाथों में हँसते-हँसते,**
**आग लगाकर जलना होगा। क़दम मिलाकर चलना होगा**

एक्शन इंडिया मीडिया समूह, मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स,
द प्रिंटिंग हब (सीटीपी यूनिट) के संस्थापक

# श्रद्धेय श्री राकेश भारद्वाज जी

## की जन्म जयंती पर कोटि - कोटि नमन

### 1 फरवरी 1961 - 14 नवंबर 2020

हम सब हर घड़ी, हर पल, हर क्षण, हर दिन आपके गरिमामयी, ओजस्वी और महान व्यक्तित्व को महसूस करते हुए आपके जन्मदिवस पर शत्-शत् नमन करते हैं। बीते तीन सालों में कोई क्षण ऐसा नहीं रहा, जब आपके होने का अहसास नहीं हुआ हो। आपके द्वारा आलोकित पथ पर सदैव अग्रसर रहने का संकल्प लेते हैं।

**श्रद्धावनत**

- गीता राकेश भारद्वाज
- रवि राकेश भारद्वाज
- दीपिका भारद्वाज
- अभिषेक शर्मा-रिचा शर्मा
- एश्वर्या भारद्वाज

- एक्शन इंडिया मीडिया समूह
- द राकेश भारद्वाज मैमोरियल ट्रस्ट
- मारुतिनंदन प्रिंटर्स
- जन जागरण मीडिया समूह

# बुढ़ापे में संशोधित वेतनमान की बकाया राशि जीवित रहने को जरूरी: मेलाराम शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**सिरमौर जिला** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रवक्ता मेला राम शर्मा, पदाधिकारी एसआर राणा और कुन्दन राणा ने हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार से आग्रह किया है कि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को 2016 से छठे वेतन आयोग के बढ़े हुए वेतनमान के अनुसार गरेच्युटिटी, लीव एनक, शमएंट, डीए बढ़ौतरी और अन्य भत्तों की अदायगी तुरंत की जाए। सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मेलाराम शर्मा ने कहा कि जीवन के अन्तिम पड़ाव में प्रदेश के सेवानिवृत्त



अधिकारी और कर्मचारी गत 5-6 वर्षों से छठे वेतन आयोग की बढ़ोतरियों की अदायगीओं की बाट जोह रहे हैं परंतु सरकार ने अभी तक ये बढ़ौतरियां जारी नहीं की हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 5-6 वर्षों के अंतराल में बहुत सारे सेवानिवृत अधिकारी कर्मचारी बिना वेतन भत्ते लिए स्वर्ग भी सिधार गए हैं और हिमाचल प्रदेश के लाखों सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी इस उम्र में आर्थिक तंगी के कारण भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने बताया की उम्र के इस पड़ाव में सेवानिवृत अधिकारियों और कर्मचारियों पर अनेक प्रकार के आर्थिक बोझ रहते हैं जिनकी पूर्ति के लिए उन्हें गृह निर्माण, बच्चों की शादी ब्याह और निजी वाहनों की खरीद इत्यादि के लिए बैंकों से अनेक प्रकार के ऋण भारी भरकम ब्याज पर उठाने पढ़ रहे हैं और दूसरी ओर छठे वेतन आयोग की बढ़ोतरी के धन की अदायगी सरकार के पास लंबित पड़ी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 के बाद छठे वेतन आयोग का बकाया जो उन्हें लगभग 5.6 वर्ष पूर्व मिल जाना चाहिए था वह इन्फ्लेशन के मध्य नजर लगातार घटता जा रहा है और दूसरी ओर सेवानिवृत्त कर्मचारी और अधिकारी बैंकों के ऋणों के भारी भरकम ब्याज अदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपनी पूरी उम्र, सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने सरकार की सेवा में लगा दी और बुढ़ापे में उन्हें अनेक प्रकार की बीमारियों से भी जूझना पड़ रहा है जिसके लिए धन की नितांत आवश्यकता रहती है। ऐसे में उन्होंने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि छठे वेतन आयोग की बढ़ोतरी ग्रेच्युटी, एनकेशमेंट, कोम्यूटेशन आदि के एरियर की अदायगी अविलंब की जाए ताकि जीवन के अंतिम पड़ाव में सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी अपने जीवन भर की कमाई का लाभ उठा सके।

# कांग्रेस में अंतर्कलह हावी, स्थिति जगजाहिर: भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

**भारतीय जनता पार्टी** के प्रदेश प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के अंदर उच्च स्तर की अंतर्कलह चल रही है और कहीं ना कहीं ऐसा लगता है की हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार और संगठन के अंदर तालमेल बैठ नहीं रहा है। कांग्रेस सरकार और संगठन को छोडकर हिमाचल प्रदेश में कई खेमे बन चुके है। अगर आप ध्यान से देखें तो कांग्रेस की अध्यक्षा प्रतिभा सिंह का बयान आता है कि कांग्रेस की सरकार और संगठन के अंदर तालमेल नहीं है। क्या यह हिमाचल प्रदेश में प्रतिशोध की राजनीति चल रही है? क्या वर्तमान सरकार के लोग



राजा वीरभद्र जी के परिवार के साथ प्रतिशोध करने का प्रयास कर रहे है? अंतर्कला इस चरमसीमा पर पहुँच चुकी है की कभी इनके नेता सुधीर शर्माए राजिंदर राणाए प्रतिभा सिंहए कुलदीप राठौर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोचाबंदी करते हैं और जब यह मोचाबंदी करते हैं। इससे साफ नजर आता है कि सरकार और संगठन के अंदर कोई तालमेल नहीं है। जो पार्टी अपनी अंतर्कला नहीं रोक सकती वो जनता के दुख क्या जानेगी। सुजानपुर के विधायक और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र राणा ने रविवार को एक बार फि र सियासी तीर छोड़ा था। इस बार राणा ने बिना चुनाव लड़े सरकार में कैबिनेट रैंक पाने वालों पर निशाना साधने के साथ-साथ अपने मन के उबाल को भी बाहर निकाला। राणा ने कहा कि मौजूदा सरकार में ऐसे हालत बनते जा रहे हैं कि बिना चुनाव लड़े कैबिनेट रैंक पाने वाले नेता अब चुने हुए विधायकों पर हावी होने लगे हैं। आज कांग्रेस में बहुत से कार्यकर्ता नाराज चल रहे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### बस और बाइक में भिडंत, हादसे में 21 वर्षीय युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। प्रदेश में** लगातार हो रहे सडक हादसों में लोग प्रतिदिन अपनी जान दे रहे है। वहीं बीते दिन शिलाई की ओर से आ रही एक निजी बस और बाइक के बीच गोंदपुर में जोरदार भिडंत हुई। जिसमें अजय की घटनास्थल पर मौत हो गई जिसका अंतिम संस्कार किया गया। बता दें कि अजय की उम्र मात्र 21 वर्ष थी, गिरिपार के गांव जजरमा में दुर्घटना की खबर मिलते ही पूरा गांव गमगीन हो गया। जबकि युवक के अंतिम संस्कार में हर आंख नम थी। अजय अपने एक साथी के साथ बाइक पर सवार था। पांवटा साहिब से शिलाई की ओर आ रही एक निजी बस और बाइक के बीच गोंदपुर में जोरदार भिड़ंत हो गई। जिससे अजय की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि उसका साथी नवीन गम्भीर रूप से घायल है। जिसे उपचार के लिए सिविल अस्पताल पांवटा साहिब में भर्ती करवाया गया था। हालत ज्यादा खराब होने के कारण चिकित्सको ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ रैफ र कर दिया। हादसे की सूचना मिलने के बाद पुलिस की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। फिलहाल पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### मनीश चौधरी ने संभाला एसडीएम जोगिंद्रनगर का कार्यभार

**टीम एक्शन इंडिया/जोगिंद्रनगर/संगराय। जोगिंद्रनगर में** मनीश चौधरी ने आज बतौर एसडीएम कार्यभार संभाल लिया। 2020 बैच के हिमाचल प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनीश चौधरी इससे पहले चंबा में बतौर उपायुक्त के सहायक आयुक्त कार्यरत थे। मनीश चौधरी हिमाचल प्रशासनिक सेवा में आने के बाद चंबा जिला के तीसा व मंडी जिला के धर्मपुर में भी बतौर एसडीएम अपनी सेवाएं प्रदान कर चुके हैं। मनीश चौधरी ने राजस्व विभाग में वर्ष 1998 में बतौर नायब तहसीलदार अपनी सेवाएं आरंभ की थी तथा वर्ष 2010 में बतौर तहसीलदार तथा वर्ष 2020 में हिमाचल प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए हैं। इस मौके पर उन्होने कहा कि बतौर एसडीएम वे जोगिन्दर नगर क्षेत्र में सरकार के दिशा-निदेशों के तहत विभिन्न विकास कार्यों व जन कल्याणकारी योजनाओं के कार्यान्वयन में समयबद्ध कार्य करने का हरसंभव प्रयास करेंगे ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का समयबद्ध लाभ सुनिश्चित हो सके। उन्होने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि ये उनका सौभाग्य है कि उन्हे जोगिन्दर नगर वासियों की बतौर एसडीएम सेवा करने का सुअवसर प्राप्त हुआ है तथा क्षेत्र की सेवा करने में वे कोई कमी नहीं रखेंगे। इस अवसर पर निर्वतमान एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा भी मौजूद रहे तथा उन्हें जोगिन्दर नगर में बतौर एसडीएम कार्यभार संभालने की शुभकामनाएं दी।

### नेशनल लेवल साइंस ओलंपियाड में पार्थ शर्मा ने रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ। गुरु नानक** मिशन पब्लिक स्कूल पांवटा साहिब के दसवीं कक्षा के होनहार छात्र पार्थ शर्मा ने पूरे देश में आयोजित होने वाली नेशनल लेवल साइंस ओलंपियाड में अपने वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। यह एक महान उपलब्धि है। विद्यालय की प्रार्थना सभा में जब प्रधानाचार्या ने इस उपलब्धि की घोषणा की तो चारों ओर हर्ष की लहर दौड़ गई। विद्यालय की डायरेक्टर गुरजीत सिंह सैनी तथा प्रधानाचार्या गुरविंदर कौर चावला ने पार्थ शर्मा को हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा जताई।

### सीनियर जिला क्रिकेट टीम का ट्रायल अब 4 फ रवरी की बजाय 11 फ रवरी को, खराब मौसम के कारण बदली तारीख

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री। खराब मौसम** के पूवार्नुमान के कारण 4 फ रवरी को होने वाले सीनियर क्रिकेट टीम के ट्रायल को अब 11 फरबरी को बदल दिया है। जिला क्रिकेट एसोसियेशन के अध्यक्ष अजय राणा ने जानकारी देते हुए कहा कि 4 फरबरी को भारी बारिश और हिमपात के कारण ट्रायल की तारीख को 11 फरबरी किया गया है और प्रातः 9 बजे ट्रायल पडल मैदान में शुरू होगा । उन्होंने कहा कि ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए खिलाडि ?ों को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के साथ पंजीकृत होना आवश्यक है। प्रत्येक प्रतिभागी को ट्रायल में हिस्सा लेने के लिए सफेद किट में आना होगा।

# सिरमौर जिला में पशु कल्याण पखवाड़े का समापन: नवीन सिंह ओन

**टीम एक्शन इंडिया/ नाहन/ एसपी जैरथ**

**संपूर्ण भारत** में चल रहे पशु कल्याण पखवाड़े की कड़ी में सिरमौर जिला में भी पशु कल्याण पखवाड़े का सफ लतापूर्वक आयोजन किया गया। इस पखवाड़े के तहत पशु पालन विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं जिनके अन्तर्गत विद्यार्थियों, पशु-पालकों, भेड़ पालकों, ग्रामीण युवाओं को पशु कल्याण से संबन्धित विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं। उप-निदेशक पशुपालन डा. नवीन सिंह ने यह जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि पशुओं के प्रति संवेदना एवं पशु कल्याण के प्रति जागरुकता का प्रसार राष्ट्रीय स्तर पर जन मानस में किया जाना इस



पशु कल्याण पखवाड़ा अभियान का मुख्य लक्ष्य था। उन्होंने कहा कि इस पखवाड़े के तहत पशु चिकित्सालय नैहली-धीड़ा में कार्यरत पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋ तिका गुप्ता ने राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहन तथा राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाहन की छात्राओं को पशु कल्याण तथा पशुओं के प्रति संवेदनशीलता के बारे में जागरुक किया।

## 93वां संविधान संशोधन लागू करें प्रदेश सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी। कल्याण समिति** के अध्यक्ष इंजीनियर बलवीर चौधरी ने कहा कि किसान योद्धा सरदार रुडका सिंह कल्याण समिति पंजावर ने ओबीसी एवं दलित वर्ग की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से 93वां संविधान संशोधन लागू करने के लिए आग्रह किया गया है, ताकि ओबीसी वर्ग के युवाओं को उच्च शिक्षण संस्थानों में 27 प्रतिशत भागीदारी मिल सके। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में 103वां संविधान संशोधन उच्च शिक्षण संस्थानों में लागू हो चुका है, लेकिन 93वां संविधान संशोधन आज तक हिमाचल प्रदेश में लागू नहीं हो पाया है, जो गंभीर चिंता का विषय है।

# 6 को पच्छाद की पंचायतों की समस्याओं का निवारण करेंगे उद्योग मंत्री



कार्यक्रम के तहत आगामी छः फ रवरी को सिरमौर जिला के पच्छाद विधानसभा क्षेत्र के नारग में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश सरकार की इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की अध्यक्षता उद्योग एवं संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान करेंगे। यह जानकारी एसडीएम सराहां डॉ. संजीव कुमार धीमान ने बुधवार को उपमंडलाधिकारी कार्यालय सराहां के सभागार में कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

एसडीएम डॉ. संजीव कुमार धीमान ने कार्यक्रम बारे जानकारी देते हुए बताया कि सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के अवसर पर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में अधिकारियों की उपस्थिति में जनसमस्यायें सुनी जाएंगी। जिनका मौके पर ही निपटारा किया जायेगा। उद्योग मंत्री प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने वाले लाभार्थियों से भी संवाद करेंगे। इस दौरान विभिन्न प्रमाण पत्र भी मौके पर ही जारी किये जायेंगे। इसके साथ ही विभिन्न विभाग अपनी विकासात्मक योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनियों को प्रदर्शित करेंगे। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा जिसके माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य जांच की जाएगी तथा निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि उद्योग मंत्री इस कार्यक्रम में पच्छाद विकास खंड की सभी 34 पंचायतों के लोगों की जन समस्याओं को सुनेंगे और मौके पर ही उनके निवारण के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इन सभी पंचायतों के प्रतिनिधि भी इस मौके पर मौजूद रहेंगे।

# स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/ चमन शर्मा**

बुधवार को हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में नाबार्ड की ओर से स्टेट क्रेडिट सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा की वर्तमान सरकार ने 40 वर्षों के इतिहास में पहली बार ऐसा बजट लाया जिसमें आने वाले सालों में की दिशा तय होगी। सीएम ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था का विकास सरकार का लक्ष्य है और नाबार्ड इसमें सरकार का साथी बनकर साथ रहा है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार के पहले बजट मे हिमाचल की स्थिति को ध्यान में रखा गया। उन्होंने ने कहा की सरकार की ओर से पहले बजट में प्रदेश के पर्यावरण जलवायु और भौगोलिक स्थिति को देखते हुए बजट का प्रावधान किया गया। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि 40 वर्षों के इतिहास में ऐसा पहली बार इस तरह का बजट पेश हुआ। जिसमें हिमाचल के आने वाले सालों में किसी ओर बढ़ेगा इसकी स्थिति तय हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश का पहला ग्रीन कॉरिडोर विकसित किया। केलांग तक जाने वाले नेशनल हाईवे में आई चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की 90 फ िसदी आबादी गांव में रहती है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को विकसित करना है। उन्होंने कहा कि अभी तक सरकार का काम केवल पौधे लगाना और सब्सिडी देना रह गया है इसे बदलने की जरूरत है ताकि सीधा पैसा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल सके। योजनाओं में सरकार का साथी रहा है। वहीं लंबे इंतजार के बाद हिमाचल प्रदेश के कई ऊपरी इलाकों में बर्फ की सफेद चादर बिछ चुकी है। ऐसे में प्रशासन भी अब यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने में जुटा है। इसको लेकर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार बर्फ बारी के इस मौसम के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने कहा कि लंबे अरसे से बागवान और किसान इसका इंतजार कर रहे थे। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की थी और भगवान ने सुन लीए इस बर्फबारी और बरसात से प्रदेश के बागवानो और किसानों को बड़ी राहत मिलेगी।

## कलोह में घर में घुसकर व्यक्ति से मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/राजन पुरी**

**थाना गगरेट** के तहत कलोह में एक व्यक्ति के घर में घुसकर महिला समेत तीन लोगों ने हमला कर दिया। हमले में घायल व्यक्ति की मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने तीनों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अजमेर सिंह निवासी वार्ड नंबर 3 कलोह ने आरोप लगाया कि 22 जनवरी की अपने घर पर मौजूद था, तो गांव के ही मेजर सिंह, महेश्वर पुत्र और मंजू ने घर आकर हमला कर दिया। हमले में घायल अजमेर सिंह का सीएचसी गगरेट में उपचार व मेडिकल करवाया गया।

# मंडी के छात्रों ने किया पद्मनाभ मंदिर के दर्शन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री।**

**शिक्षा विभाग हिमाचल** प्रदेश द्वारा समग्र शिक्षा अभियान के तहत एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला मंडी के 26 विद्यार्थियों और हिमाचल प्रदेश के 120 विद्यार्थियों ने पदम्नाभ मंदिर के दर्शन किए। जिला मंडी से केरल यात्रा का प्रतिनिधित्व कर रहे भौतिक विज्ञान प्रवक्ता राजेश नंदा और ननवाँ विद्यालय से श्वेता शर्मा ने बताया कि बुधवार प्रातःकाल में हिमाचल के विद्यार्थियों ने पद्मनाभ मंदिर में भगवान विष्णु के दर्शन किए। मंगलवार को विद्यार्थियों को कन्याकुमारी विवेकानंद



मेमोरियल ले जाया गया था। मेमोरियल तक पहुँचने के लिये फैरी नाव के रोमांच का अनुभव लिया। शाम को विद्यार्थियों को समुद्रतट की सैर पर ले जाया जाएगा। राजेश नंदा और श्वेता शर्मा ने बताया कि मंडी जिला से 21 छात्राएँ और 5 छात्र केरल यात्रा पर है जिन्हें 27 जनवरी को दिल्ली तक बस द्वारा ले जाया गया । 28 जनवरी प्रातः आगे की यात्रा रेल द्वार हंसते गाते रेल के रोमांचकारी सफर का अनुभव लेते हुए त्रिवेंद्रम पहुँचे।

# 70 साल से लक्ष्मण रेखा को नहीं लांघ पाई हिमाचल सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**मंडी, दरंग और** जोगिंदर नगर के लोग सरकार की चौखट पर पिछले 70 सालों से लोग फ रियाद करके राजनीतिज्ञों के सामने अपनी परेशानी का विलाप कर रहे हैं। मगर इस विलाप को आज तक सुना ही नहीं गया। लोग विकास के इस युग में अब भी जान हथेली पर रख कर व्यास नदी को डिपी के माध्यम से आर-पार कर रहे हैं। ढिप्पी की कील कब टूट जाए और नदी पर करने वाला व्यक्ति कब नदी में डूब जाए इसकी गारंटी भी सरकार के पास नहीं है। आदर्श मॉडल का रूप कहे जाने वाले सदर, दंराग और जोगिंद्रनगर क्षेत्र जो विकास की अग्रणी भूमिका में आगे



बढने वाले क्षेत्र को ब्यास नदी बांट रही है। जिस प्रकार भारत-पाकिस्तान की सरहद एक-दूसरे को मिलने नहीं देती उसी प्रकार ब्यास नदी ने भी सदर और द्रंग के लोगों को मिलने से रोक रखा है। विकास का रूप स्थापित करने वाले नेता इस नदी पर पिछले 70 सालों से एक फु ट ब्रिज भी नहीं बना पाए जो उनका विकास दशार्ती है। मंडी के विक्टोरिया ब्रिज से लेकर कून कातर तक ब्यास नदी के करीब 30 किलोमीटर दायरे में एक भी फु ट ब्रिज नहीं है। कहने के लिए ग्राम पंचायत तरनोह के तहत डोलरा, सदोह-बल्ह और कोट तुंगल के मटयाहल में ब्यास नदी पर झुले लगे हुए थे। इन झूलों के माध्यम से लोग ब्यास नदी को आर पार करते थे तथा अपने सगे सम्बंधियों से मिल पाते थे मगर अगस्त 2023 में आई प्रलयकारी बाढ़ में व्यास नदी में लगे तीन झूले और उसके साथ कुनकतर में लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया गया बस योग्य पुल भी बह गया। इस पुल व झूले के बह जाने से जोगिंदर नगर, दरांग और सदर के बीच आवागमन बाधित हो गया है। झुले से कितने लोग गिर कर ब्यास नदी में समा चुके हैं राजनेताओं को उसका कोई मलाल नहीं है। 1991 में ब्यास नदी पर फु ट ब्रिज बनाने का कार्य डोलरा के पास जरूर शुरू हुआ था मगर पुल का आधी अवैटमेंट ही बन पाई तथा उसके बाद यह निर्माण कार्य भी राजनीति की बलि चढ़ गया। सदर और ट्रंग के करीब एक लाख की आबादी अपने आला नेताओं से ब्यास नदी पर पुल न बनने का कारण पूछ रही है मगर राजनेताओं की आपसी प्रतिद्वंदता के चलते एक दूसरे पर लांछन और इल्जाम लगाने के सिवाये कुछ कुछ नहीं कर रहे हैं। दरांग और सदर विधानसभा क्षेत्र में हमेशा ही प्रदेश सरकार में प्रतिनिधित्व रहा है। जहाँ द्रंग से ठाकुर कौल सिंह आला मंत्री रहे वहीं सदर से पहले पंडित सुखराम और अब अनिल शर्मा आला नेता व जोगिंद्रनगर में गुलाब सिंह ठाकुर हमें केबिनेट मंत्री रहे मगर व्यास नदी पर बस योग्य पल तो दूर की बात एक फ ीट 20 तक नहीं लगता पाए। ब्यास नदी पर पुल कब बनेगा और विकास की गाथा में कब उसका नाम जुड़ेगा यह तो समय हो बताएगा मगर इतना जरूर है कि जब तक राजनीतिज्ञयों की मंशा पुल बनाने के लिए नहीं हुई तब तक सदर और रंग के लोगों को परेशानी का दंश झेलना पड़ेगा। पूर्व विधायक कन्हैया लाल ठाकुर ने कहा कि जब वह सदर के विधायक थे तो उन्होंने डोलरा के पास व्यास नदी पर झूला पुल उसे समय के तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार से स्वीकृत करवाया था जिसका निर्माण कार्य भी शुरू हो गया था।

**DEPARTMENT OF AGRICULTURE**
**HIMACHAL PRADESH**
**e-Procurement Notice for Hybrid Seeds**
**INVITATIOIN FOR BIDS (IFB)**

1. The Director of Agriculture Himachal Pradesh invites the tenders for the Supply of Hybrid/Improved Seeds of different crops viz Rice, Maize, Bajra, Sorghum, Hybrids Grass and hybrids vegetables (varieties not older than ten years) duly tested and recommended by CSK HPKV Palampur /UHF Nauni, district Solan, H.P. and tested & recommended by any other University/Govt. Institutes accredited by ICAR for different Climate Zone in HP

2. **Availability of Bid Document and mode of submission:** - The bid document is available online and a bid should be submitted in online mode on website https:/hptenders.gov.in. Bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA). "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in Agriculture Department may obtain the same from the website https:/hptenders.gov.in. Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing their digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender.

3. **Key Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of online Publication | 01.02.2024 |
| 2 | Document Download Start | 01.02.2024 |
| 3 | Bid Submission start and End Date | From 02-02-2024 Up to 21-02-2024 5:00 PM |
| 4 | Physical submission EMD | From 02-02-2024 Up to 21-02-2024 5:00 PM |
| 5 | Date of Technical Bid opening | On 22-02-2024 at 11:00 AM onward |

4. **Tender Details:-**
The tender documents shall be uploaded online in two covers
**Technical (Cover 1)**: shall contain scanned copies of all "Technical Documents/Eligibility information". Shall contain Technical Bid documents in pdf format as per **"ANNEXURE-A"**.
**Financial (Cover II)**: shall contain Price Bid documents in **pdf** format as per "ANNEXURE-B".

Note: "ANNEXURE B" will be accepted only.

5. **Submission of Original Documents:-** The bidders are required to submit
a) Original demand draft in favour of Director of Agriculture, H.P. towards the cost of bid document and
b) FDR in original toward bid security/ Earnest Money Deposit (EMD) duly pledged in favour of Director of Agriculture, Shimla-05, H.P in the office of Director of Agriculture, Shimla-5 H.P. as specified in Key Dates failing which the bids will be declared non- responsive.

6. **Bid Opening Details:-** The bids shall be opened on 22.02.2024at 11.00 AM in Directorate of Agriculture, Krishi Bhawan, Shimla-5 by the authorized technical committee. The tenderers are advised to be present along with original documents at the time of opening of tenders in their interest. If the office happens to be closed on the date of opening the bids as specified; the bid will be opened on the next working day at the same time and venue.

7. The officer inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidders' responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.

R.O.N-5385/2023-2024
**HIM SUCHNA & JAN SAMPARK**

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, गुरूवार, 01 फरवरी 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

वर्ष: 13 अंक: 31 पृष्ठ: 12 | RNI : HPHIN/2012/48072
actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया। आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, उम्मीद है मौजूदा संसद के आखिरी सेशन में ऐसे सांसद आत्म निरीक्षण करेंगे।

# संसद की नई परंपराः सेंगोल के साथ सदन में आईं राष्ट्रपति मुर्मू


**नई दिल्ली :** संसद का बजट सत्र बुधवार से शुरू हो गया। इसके साथ ही संसद भवन में नई परंपरा भी शुरू की गई है। दरअसल, पहली बार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजदंड 'सेंगोल' के साथ संसद भवन में प्रवेश किया। इस दौरान राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका स्वागत किया। राष्ट्रपति मुर्मू छह घोड़ों की बग्गी में सवार होकर अपने अंगरक्षकों के साथ संसद भवन पहुंचीं। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओमर बिरला ने संसद भवन के गज द्वार पर उनका स्वागत किया। इसके बाद पारंपरिक वेशभूषा पहने एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी राजीव शर्मा ने सेंगोल का नेतृत्व किया। उनके साथ सभी लोकसभा कक्ष की ओर बढ़े। सदन में लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य बैठे हुए थे। राष्ट्रपति ने जैसे ही सदन में प्रवेश किया, संगीतकारों के एक समूह ने 'हथरोई' की धुन बजाई। राष्ट्रपति ने 'भारत माता की जय', 'जय श्री राम', 'जय सिया राम' और 'जय जगन्नाथ' के नारों के बीच चैंबर में अपनी सीट ग्रहण की। राष्ट्रपति के अभिभाषण के दौरान सेंगोल को उनकी मेज के सामने रखा गया था। इसे बाद में लोकसभा अध्यक्ष की कुर्सी के बगल में स्थापित किया गया। इस दौरान ब्राजील, मिस्र, मालदीव और नेपाल के राजदूत और ब्रिटेन के उच्चायुक्त सहित 58 राजनयिक मौजूद थे। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों की मौजूदगी इसलिए कम नजर आ रही है, क्योंकि लोकसभा कक्ष 888 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला है। इसलिए, सीटें खाली नजर आ रही हैं। राष्ट्रपति के 75 मिनट के अभिभाषण के दौरान सदस्यों ने लगातार तालियां बजाईं और मेजें थपथपाईं। सबसे जोरदार तालियां तब बजीं, जब राष्ट्रपति ने महिला आरक्षण विधेयक पारित होने और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का जिक्र किया। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सदियों के इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला अब भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। इसके बाद लोकसभा कक्ष जय श्री राम और जय सिया राम के नारों से गूंज उठा। राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और प्रसिद्ध उड़िया कवि उत्कलमणि गोपालबंधु दास की कविताओं का भी जिक्र किया। सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने नियमित अंतर पर उनकी सराहना की। जबकि, विपक्षी सदस्यों ने चुपचाप अभिभाषण सुना।

### आदर्श विचार



"क्रोध हमारा शत्रु है और हमारे जीवन का अंत करने में समर्थ है।"
भगवान राम

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
`स्वामी विवेकानंद

### तीसरी आंख




# 'राम मंदिर का सपना पूरा हुआ'

= सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ हुई

**बजट सत्र**

**8 राष्ट्रपति ने आर्टिकल 370 तक का जिक्र किया। राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, जो इस साल पूरी हुई**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संसद का** बजट सत्र बुधवार (31 जनवरी) को शुरू हुआ। सत्र की शुरूआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ हुई। यह नए संसद भवन में उनका पहला संबोधन था। राष्ट्रपति ने राम मंदिर से लेकर आर्टिकल 370 तक का जिक्र किया। उन्होंने कहा- राम मंदिर की आकांक्षा सदियों से थी, जो इस साल पूरी हुई। सत्र की शुरूआत से पहले प्रधानंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के बाहर मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने कहा- आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, उम्मीद है मौजूदा संसद के आखिरी सेशन में ऐसे सांसद आत्म निरीक्षण करेंगे। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण के आखिर में कहा- राम राम। संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से 9 फरवरी तक होगा। इसमें 8 बैठकें होंगी। 1 फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अंतरिम बजट पेश करेंगी। बजट सत्र से पहले राष्ट्रपति लोकसभा और राज्यसभा को एक साथ संबोधित करते हैं। दोनों सदनों में उनका संयुक्त संबोधन अभिभाषण कहलाता है।

**बजट सत्र पश्चाताप का अवसरः** सत्र से पहले पीएम ने कहा कि सांसदों को सोचना चाहिए कि आखिरी 10 साल में उन्होंने क्या किया। बजट सत्र पश्चाताप का अवसर है। मेरा सभी सांसदों से अनुरोध है कि उत्तम से उत्तम परफॉर्म करें और इस मौके को जाने न दें।

### 'सीमा के गांव को पहला गांव बनाया'

**राष्ट्रपति** मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार ने ऐसे क्षेत्र की भी पहली बार विकास से जोड़ा है जो दशकों तक दशकों तक उपेक्षित रहे हैं। हमारी सीमाओं से सटे गांव को अंतिम गांव कहा जाता था। मेरी सरकार ने उन्हें देश का पहला गांव बनाया है। इन गांव के विकास के लिए काफी काम किया है।
**गरीबों को सस्ता राशन देने के लिए 20 लाख करोड़ रुपए खर्च किए:** राष्ट्रपति ने बताया कि सरकार ने उज्वला योजना पर 2.5 लाख करोड़ रुपए और गरीबों को सस्ता राशन देने के लिए 20 लाख करोड़ रुपए खर्च किए।

### 'सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन लागू किया'

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि सरकार ने वन रैंक वन पेंशन को भी लागू किया, जिसका इंतजार चार दशकों से था। ओआरओपी लागू होने के बाद अब तक पूर्व सैनिकों को लगभग 1 लाख करोड़ रुपए मिल चुके हैं। भारतीय सेना में पहली बार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति भी हुई है।
**25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाए:** राष्ट्रपति ने अपने अभिभाषण में कहा– नीति आयोग के अनुसार, मेरी सरकार के एक दशक के कार्यकाल में, करीब 25 करोड़ देशवासी गरीबी से बाहर निकले हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार, मेड इन इंडिया पर बल दे रही है।

## सीट शेयरिंग पर कांग्रेस-तृणमूल की बातचीत रूकी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/कोलकाता**
लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने कहा है कि 28 विपक्षी दलों के गठबंधन-इंडिया में शामिल तृणमूल कांग्रेस और सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस के बीच सीट शेयरिंग को लेकर बातचीत रोक दी गई है। तृणमूल कांग्रेस के इंडिया से बाहर निकलने की अटकलों पर कांग्रेस ने खारिज किया है। कांग्रेस का कहना है कि विपक्षी दलों के गठबंधन में तृणमूल अभी भी बनी हुई है। पार्टी ने गठबंधन से बाहर निकलने की पुष्टि नहीं की है। दोनों पक्ष पश्चिम बंगाल की लोकसभा सीटों को शेयर करने के फॉमूर्ले पर मंथन कर रहे हैं।
**टकराव की शुरूआत, रास्ते अलग होने की कयासबाजीः** बता दें कि कांग्रेस सूत्रों का यह बयान इसलिए भी अहम है क्योंकि लगभग हफ्ते भर पहले तृणमूल सुप्रीमो और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अकेले चुनाव लड़ने का एलान किया था। हालांकि, ममता ने गठबंधन से बाहर निकलने के संबंध में कोई बयान नहीं दिया था।

## ज्ञानवापीः व्यास तहखाने में 30 साल बाद मिली पूजा की इजाजत



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**ज्ञानवापी** मामले में बुधवार को बड़ा फैसला आया है। वाराणसी जिला अदालत ने हिंदू पक्ष को ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यास तहखाने में पूजा करने की इजाजत दे दी है। अब व्यास परिवार तहखाने में पूजा पाठ करेगा। सोमनाथ व्यास का परिवार 1993 तक तहखाने में पूजा पाठ करता था। ज्ञानवापी परिसर में मौजूद व्यासजी तहखाना में पूजा की मांग को लेकर वर्षों से अदालती लड़ाई चल रही है। ताजा फैसले में बताया गया कि वादी हिंदू पक्ष ने बताया कि मंदिर भवन के दक्षिण दिशा में स्थित तहखाने में मूर्ति की पूजा होती थी। दिसम्बर 1993 के बाद पुजारी व्यासजी को इस प्रांगण के बेरिकेट वाले क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया। इस कारण तहखाने में होने वाले राग-भोग आदि संस्कार भी रुक गये। हिंदू पक्ष ने दलील दी कि इस बात के पर्याप्त आधार है कि वंशानुगत आधार पर पुजारी व्यासजी ब्रिटिश शासन काल में भी वहां कब्जे में थे। व्यासजी ने दिसम्बर 1993 तक वहां भवन में पूजा अर्चना की है। बाद में तहखाने का दरवाजा हटा दिया गया। हिन्दू धर्म की पूजा से सम्बन्धित सामग्री बहुत सी प्राचीन मूर्तियां और धार्मिक महत्व की अन्य सामग्री उस तहखाने में मौजूद हैं। हिंदू पक्ष ने कहा कि राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने बगैर किसी विधिक अधिकार के तहखाने के भीतर पूजा दिसम्बर 1993 से रोक दी। हिंदू पक्ष ने अदालत से अनुरोध किया कि वह रिसीवर को नियुक्त करे जो तहखाने में पूजारी द्वारा पूजा किया जाना नियंत्रित करे और उसका प्रबंध करे। न्यायालय में 17 जनवरी 2024 को पारित एक आदेश में रिसीवर की नियुक्ति तो कर दी लेकिन तहखाने में पूजा-अर्चना के संबंध में कोई आदेश पारित नहीं किया। हिंदू पक्ष ने अपनी दलील में कहा था कि तहखाने में मौजूद मूर्तियों की पूजा नियमित रूप से की जानी आवश्यक है। बुधवार को जिला जज की कोर्ट ने अपने एक आदेश में व्यासजी के तहखाने में पूजा की अनुमति दे दी।

### तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई

**ज्ञानवापी** स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा किए संबंधी आवेदन पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली गई थी। अदालत ने इस प्रकरण में बुधवार को अपना आदेश सुनाया। तहखाने में पूजा करने की अनुमति मिल गई है। हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी कहते ने कहा व्यासजी के तहखाने में पूजा करने का अधिकार दिया गया है और कोर्ट ने एक सप्ताह के भीतर आदेश का अनुपालन करने का आदेश जिला अधिकारी को दिया है। वादी अधिवक्ताओं ने कहा है कि व्यासजी के तहखाने को डीएम की सुपुर्दगी में दिया गया है।

## '32 हफ्ते का गर्भ खत्म नहीं कर सकती महिला'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सर्वोच्च** न्यायालय ने बुधवार को एक महिला को 32 हफ्ते से ज्यादा समय के गर्भ को गिराने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि मेडिकल बोर्ड ने भी इस बात को माना है कि इसे अब खत्म नहीं किया जा सकता है। छब्बीस वर्षीय महिला के पति की पिछले साल अक्तूबर में मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी. वराले की पीठ ने मामले पर सुनवाई की। पीठ ने



दिल्ली उच्च न्यायालय के 23 जनवरी के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने अपने चार जनवरी के फैसले को वापस ले लिया था, जिसमें महिला को अपने 29 माह पुराने गर्भ को गिराने की अनुमति दी गई थी।

## मणिशंकर अय्यर को घर खाली करने का नोटिस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
कांग्रेस के दिग्गज नेता मणिशंकर अय्यर और उनकी बेटी सुरन्या अय्यर को दिल्ली के जंगपुरा स्थित अपना घर खाली करने का नोटिस मिला है। जो रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्लूए) ने भेजा है। नोटिस में कहा गया है कि 22 जनवरी को अयोध्या राम मंदिर अभिषेक समारोह की निंदा करने वाली सोशल मीडिया पोस्ट के लिए या तो सार्वजनिक माफी मांगे या घर खाली करें। नोटिस में लिखा गया है कि आपको ऐसे अपशब्दों का



उपयोग नहीं करना चाहिए जिससे शांति भंग हो सकती है और अन्य निवासियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचा सकती है। आप सोचते हैं कि आपने अयोध्या में राम मंदिर की प्रतिष्ठा के विरोध में क्या गलत किया है, तो हम आपको सुझाव देंगे कि कृपया किसी अन्य कॉलोनी में चले जाएं, जहां लोग इस तरह की नफरत पर अपनी आंखे बंद कर सकते हैं। सुरन्या अय्यर ने 20 जनवरी को फेसुबक पोस्ट किया था।

**मांग**

**8 राम मंदिर अभिषेक समारोह की निंदा करने वाली मीडिया पोस्ट के लिए या तो सार्वजनिक माफी मांगे या घर खाली करें**

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान टला बड़ा हादसा

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**बंगाल** में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी की कार का शीशा टूट गया। बुधवार को कटिहार में राहुल ने लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान अचानक ही भगदड़ मच गई, जिससे राहुल गांधी की कार का शीशा टूट गया। इस हादसे में कांग्रेस नेता बाल-बाल बच गए। हालांकि, इस हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने राहुल गांधी की गाड़ी पर पथराव होने का दावा



किया था। कांग्रेस सांसद अधीर रंजन ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, 'शायद भीड़ में किसी ने पीछे से पत्थरबाजी की। पुलिस बल इसकी जांच कर रही है। नजरअंदाज करने से बहुत कुछ हो सकता है। यह एक छोटी घटना है।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव परिणामः सुप्रीम कोर्ट जाएगी आप-कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**चंडीगढ़** मेयर चुनाव परिणाम के बाद से शुरू हुआ हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब पंजाब के सीएम भगवंत मान ने बुधवार को एलान किया है कि इस मामले में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस सुप्रीम कोर्ट जाएगी। उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ मेयर चुनाव लोकतंत्र की हत्या का उदाहरण है। सीएम भगवंत मान ने कहा कि कल बजट आ रहा है। देखते हैं पंजाब को क्या मिलता है? चंडीगढ़ मेयर चुनाव परिणाम के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।



**यूथ कांग्रेस ने किया प्रदर्शनः** बुधवार को यूथ कांग्रेस के सदस्यों ने चंडीगढ़ मेयर कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस बीच पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच गहमागहमी भी हुई। यूथ कांग्रेस कार्यकताओं ने 'भ्रष्टाचार बंद करो' के नारे भी लगाए। कुछ देर बाद ही पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। उधर, आज यानी बुधवार को ही मेयर चुनाव में धांधली से जुड़ी याचिका पर पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस पर हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

**चुनौती**

**8 हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ प्रशासन को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने का आदेश दिया**

## उत्तर प्रदेश के बजट सत्र में गूंजेगा राम का नाम

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**विधानमंडल** के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक अब एक फरवरी को दोपहर 12.30 बजे होगी। पहली फरवरी को ही सर्वदलीय बैठक से पहले सुबह 11.30 बजे विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। पहले यह दोनों बैठकें 31 जनवरी को प्रस्तावित थीं। विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू होगा। सरकार पांच फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उत्तर प्रदेश का बजट पेश करेगी इसके दृष्टिगत सर्वदलीय बैठक



और विधान सभा की कार्यमंत्रणा समिति की बैठक 31 जनवरी को प्रस्तावित थी। अयोध्या में उमड़े श्रद्धालुओं के जनसमुद्र को देखते हुए राज्य सरकार के मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या में दर्शन करने का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

**क्रेडिट सेमिनार**
### मुख्यमंत्री ने नाबार्ड के राज्य क्रेडिट सेमिनार का शुभारंभ किया

## 'प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 34490 करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता योजना तैयार'

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आयोजित राज्य क्रेडिट सेमिनार का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बैंक ने राज्य में उपलब्ध संसाधनों और बैंकिंग ढांचे के आधार पर वर्ष 2024-25 के लिए कृषि और संबद्ध गतिविधियों, एमएसएमई और अन्य प्राथमिकता क्षेत्र के लिए 34490 करोड़ रुपये की ऋण संभाव्यता योजना तैयार की है जोकि पिछले वर्ष की तुलना में 8 प्रतिशत अधिक



है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर-2024-25 भी जारी किया।
ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने लोगों के सामजिक-आर्थिक उत्थान के लिए मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना, बागवानी के एकीकृत विकास के लिए मिशन, मुख्यमंत्री लघु दुकानदार कल्याण योजना, मुख्यमंत्री ग्रीन कवर मिशन, मुख्यमंत्री रोजगार संकल्प सेवा, मुख्यमंत्री विद्यार्थी योजना व स्टार्टअप इत्यादि अनेक कल्याण योजनाएं आरम्भ की हैं। उन्होंने बैंको से आग्रह किया कि इन योजनाओं के उचित क्रियान्वयन के लिए ऋ ण देने में अपना सक्रिय सहयोग दें ताकि किसान, बागवान तथा युवा इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्राथमिकता क्षेत्र ऋ ण प्रवाह पर जारी किए गए निदेशों के अन्तर्गत प्रदेश का कोई भी जिला क्रेडिट की कमी जिलों की श्रेणी में नहीं आता है। उन्होंने कहा कि यद्यपि इन जिलों में ऋ ण प्रवाह सामान्य है परन्तु प्रदेश का ऋण व जमा अनुपात 36:39 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर, हमीरपुर, कांगड़ा, मंडी, ऊना, लाहौल-स्पीति व चम्बा में ऋ ण व जमा अनुपात लगातार 40 प्रतिशत से कम है जोकि चिंता का विषय है।

**नाबार्ड**

**8 मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नाबार्ड स्टेट फोकस पेपर-2024-25 भी जारी किया**

## संसद भवन के गेटों पर एयरपोर्ट जैसी सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गत वर्ष** 13 दिसंबर को हुए सुरक्षा चूक मामले में केंद्र सरकार ने संसद भवन परिसर में कई तरह के सिक्योरिटी बदलाव कर दिए हैं। अब मुख्य गेटों पर जांच पड़ताल के लिए दिल्ली पुलिस नहीं है। यह जिम्मेदारी, सीआईएसएफ को सौंपी गई है। सीआईएसएफ द्वारा संसद भवन में चेकिंग का तकरीबन वही तरीका अपनाया है, जो अमूमन एयरपोर्ट पर देखने को मिलता है। अब संसद भवन परिसर में प्रवेश करने से लेकर किसी भी सदन में पहुंचने तक कई जगहों पर प्रवेश पत्र दिखाना होगा। प्रवेश पत्र (स्मार्ट कार्ड) दिखाने के बाद बायोमैट्रिक पुष्टि होगी। उसके बाद ही किसी व्यक्ति को प्रवेश मिलेगा।



सीआईएसएफ के अलावा संसद भवन परिसर में सादे कपड़ों वाली टीम (खुफिया ब्यूरो) की मौजूदगी को बढ़ा दिया गया है। संसद भवन की ओवरऑल सुरक्षा का जिम्मा पहले की भांति सीआरपीएफ के 'पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप' (पीडीजी) के पास है। बता दें कि गत वर्ष 13 दिसंबर को संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा की विजिटर गैलरी से एकाएक दो युवक कूद गए थे। उनमें से एक युवक ने अपने जूते से एक स्प्रे कैप्सूल निकाल कर सदन में धुआं फैला दिया। इससे सदन में अफरा-तफरी मच गई।

सुरक्षाकर्मियों ने दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। उनके दूसरे साथी संसद भवन परिसर के बाहर भी खड़े थे।

**सख्ती**

**8 अब संसद भवन परिसर में प्रवेश करने से लेकर किसी भी सदन में पहुंचने तक कई जगहों पर प्रवेश पत्र दिखाना होगा**

# उपायुक्त ने ठोडा तथा करयाला के संरक्षण पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/ मनीष**

**उपायुक्त सोलन मनमोहन** शर्मा की अध्यक्षता में जिला सांस्कृतिक परिषद की बैठक गत दिवस को आयोजित की गई। मनमोहन शर्मा ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन स्थानीय कला को विकसित करने के लिए सदैव प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक परिषद का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा संस्कृत, हिन्दी, उर्दू भाषा और पहाड़ी बोली के संरक्षण एवं संवर्द्धन की दिशा में कार्य करना है। सांस्कृतिक परिषद संस्कृति के संरक्षण के लिए नियमित अंतराल पर कार्यक्रमों का आयोजन करवाती है। इन आयोजनों से प्रतिभागियों के मध्य परस्पर संवाद और संबंधों की प्रक्रिया विकसित होती है और स्थानीय कलाए साहित्य और संवाद शैली को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने कहा कि इससे प्रतिभागियों को बेहतर मंच मिलने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और उनके व्यक्तिगत जीवन का विकास भी सुनिश्चित होता है। उपायुक्त ने कहा कि जिला सांस्कृतिक परिषद अपने विभिन्न कार्यों को गति देने के लिए सतत प्रत्यनशील है। सोलन जिला की प्रतिभाओं तथा विशिष्टताओं को उभारने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर बल दिया जा रहा है। उन्होंने जिला भाषा अधिकारी को निर्देश दिए कि वह जिला में ठोडा को बढ़ावा देने के लिए कार्यरत ठोडा दलों को तलाशें ताकि उन्हें ठोडा किट उपलब्ध करवा कर उनका संरक्षण सुनिश्चित बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में जिला सोलन में करयाला पर एक कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी ताकि लुप्त हो रही प्राचीन परंपरा का संरक्षण किया जा सके। उपायुक्त ने सोलन की जनता से आग्रह किया कि प्राचीन पुस्तकें जिसमें सोलन जिला से सम्बन्धित लेख छपे हों अथवा कोई भी प्राचीन सांस्कृतिक महत्व की वस्तुए कला केन्द्र कोठों में भेंट की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं एतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इन वस्तुओं, दस्तावेजों इत्यादि को संग्रहालय में संग्रहित किया जाएगा।



# जिला लोक संपर्क कार्यालय कुल्लू से तकनीकी सहायक भूपेंद्र शर्मा सेवानिवृत्त हुए

**टीम एक्शन इंडिया/ कुल्लू/श्याम कुल्वी**

**लोक संपर्क कार्यालय** कुल्लू के स्टाफ द्वारा इस अवसर पर सम्मान में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोक संपर्क विभाग में अपने सेवाकाल के दौरान के अनुभवों को साझा करते हुए भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि वे वर्ष 2009 में इस विभाग में आए थे तथा अपने कार्यकाल में उन्होंने धर्मशाला, सुंदरनगर में विभाग को अपनी सेवाएं दी। पिछले 4 वर्ष से जिला कुल्लू में सेवाएं देने के उपरांत आज इसी कार्यालय से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। जिला लोक संपर्क अधिकारी नरेंद्र शर्मा ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भूपेंद्र शर्मा का सेवाकाल बहुत ही शानदार रहा हैए वे स्वभाव से नम्र एवं सबसे मिलनसार व्यक्ति हैं। उन्होंने विभाग में उनके द्वारा दी गई बेहतर सेवाओं के लिए भी उनका आभार प्रकट किया तथा उनके भविष्य के जीवन की मंगलकामना करते हुए उनके स्वस्थ व खुशहाल जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सेवानिवृत सहायक लोक संपर्क अधिकारी सुरेश, सहायक लोक संपर्क अधिकारी कुल्लू जयप्रकाश शर्मा, जिला लोक संपर्क कार्यालय कुल्लू में तैनात लेख राम, राजकुमार, अजय, मनोज सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।



# थोपी जा रही शर्तों को नहीं मानेंगे अस्टाम विकेता: ज्योति शर्मा

## मांगों को लेकर राजस्व मंत्री से मिले प्रदेश के अस्टाम विक्रेता

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**अपनी मांगों** को लेकर हिमाचल प्रदेश के अस्टाम विक्रेता गत दिवस राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार चंद शर्मा के साथ शिमला में मिले। इस प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे मंडी जिला के प्रधान ज्योति शर्मा ने बताया कि लंबे समय से प्रदेश के अस्टाम विक्रेता अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। इसके लिए सिलसिलेवार हर जिला की कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को मजबूत बनाया जा रहा है। इसी कड़ी के तहत राजस्व मंत्री से मुलाकात की गई। ज्योति शर्मा ने बताया कि इससे पहले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को बाकायदा ज्ञापन प्रेषित कर मांगों से अवगत करवाया गया है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही अमल में नहीं लाई गई। ज्योति शर्मा ने बताया कि ई.स्टैंप का काम सिर्फ स्टैंप वैंडर के माध्यम से ही किया जाना चाहिए ताकि उनके रोजगार पर कोई संकट न आए। बैंक व लोक मित्र को यह कार्य न दिया जाए क्योंकि इससे पहले भी स्टैंप पेपर सिर्फ स्टैंप वैंडर से ही मिलता था, इस तर्ज पर आगामी ई-स्टैंपिंग भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्टाम विक्रेताओं का न्यूतम कमीशन 4 प्रतिशत है, इसे बढ़ाकर 10 प्रतिशत किया जाए। न्यायाय परिसर, तहसील परिसर, एसडीएम कार्यालय परिसरों में स्टैंप वैंडरों को बैठने का उचित स्थान दिया जाए ताकि उन्हें हर रोज की परेशानी न झेलनी पड़े। उन्होंने कहा कि हर रोज अस्टाम विक्रेताओं को अपने कंप्यूटरए मशीने आदि उठाकर ले जाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिजली कनेक्शन व बैठने की कमरे की व्यवस्था सरकार की ओर से की जानी चाहिए।



# बिलासपुर में 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**जिला बिलासपुर** में 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमे इस लोक अदालत में बैंक से सम्बंधित मुकद्दमें दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामलेए बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद के पूर्व मुकद्दमेंबाजी और लंबित मामले लिए जाएंगे। यह जानकारी सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण मनीषा गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों के न्यायालय में बैंक से सम्बंधित मुकद्दमें दुर्घटना क्लेम, श्रम विवाद के मामले, बिजली व पानी के बिलए वैवाहिक विवाद के पूर्व मुकद्दमेबाजी और लंबित मामले है, वह व्यक्ति न्यायालय में अपने मामले को लोक अदालत में लगवा सकता है। कोई इच्छुक व्यक्ति जिसका सम्बन्धित श्रेणी में से मामला कोर्ट में विचाराधीन नहीं है, अगर वह अपना मामला लोक अदालत में लगवा कर आपसी समझौते पर आधारित फैसला प्राप्त करना चाहता है, तो वह आवेदन कर सकता है। इसके अतिरिक्त मोटर वाहन अधिनियम के चालान ऑन लाइन ई-पे के माध्यम से कर सकते है या लोक अदालत से पूर्व भी आप अपने लंबित मामले को मोबाइल ट्रेफि क मेजिस्ट्रेट बिलासपुर एवं हमीरपुर, समझौता आधिकारी के पास जा कर भी

# संक्षिप्त खबरें

## आपदा मिटिगेशन निधि के तहत 24 करोड़ 8 हजार 60 रुपये की पहली किश्त जारी: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी। उपायुक्त आशुतोष** गर्ग ने गत दिवस को बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा स्टेट डिजास्टर मिटिगेशन फं ड के तहत वर्ष 2023- 24 के लिए कुल्लू जिला को स्वीकृत 82 करोड़ 76 लाख रुपए में से 24 करोड़ 8 हजार 60 रुपए की राशि की पहली किश्त जारी की है। उन्होंने बताया कि जिले बंजार उपमंडल में बंजार के निकट तीर्थन खड्ड पर बाढ़ संरक्षण कार्यों के लिए 54 लाख 97 हजार 240 रुपये, कल्लू के शाडाबाई से बजौरा तक ब्यास नदी के दोनों किनारे विभिन्न स्थानों पर बाढ़ संरक्षण कार्य के लिए 2 करोड़ 32 लाख 53 हजार 70 रुपए, कुल्लू तहसील में राफ्टिंग सेंटर पिरडी में बाढ़ संरक्षण के लिए एक करोड़ 5 लाख 28 हजार 450 रुपए, कुल्लू में गौसदन से एसटीपी लंका बेकर तक व्यास नदी के किनारे असुरक्षित स्थान के तटीकरण के लिए एक करोड़ 17 लाख 12 हजार 520 रुपए की राशि, कुल्लू के निचले शास्त्री नगर से एसटीपी बदाह तक असुरक्षित स्थानो पर तटीकरण के लिए एक करोड़ 74 लाख 16 हजार 820 रुपये, भुंतर तहसील में सिंचाई योजना सीयूंड हाथी थान पंप हाउस से सरस्वती वाया मंदिर भुंतर कॉलोनी पार्वती नदी के बाएं किनारे पर असुरक्षित स्थानो पर संरक्षण कार्य के लिए दो करोड़ 31 लाख 83 हजार 60 रुपये की राशि, कुल्लू जिला के मनाली तहसील में व्यास नदी के दाहिने किनारे पर ग्राम पंचायत बरान में सत्रह मील पर बाढ़ संरक्षण कार्यो के लिए 2 लाख 51 हजार 4 हजार 720 रुपये, कुल्लू तहसील में व्यास नदी के दाहिने किनारे पर हल्लान ग्राम पंचायत के पतली कुलह में बाढ़ नियंत्रण कार्यों के लिए 2 करोड़ 52 लाख 85 हजार 390 रुपए, कुल्लू तहसील के व्यास नदी के दाहिने किनारे पर ग्राम पंचायत रायसन के रायसन में दो करोड़ 53 लाख 21 हजार 640 रुपए की राशि, कुल्लू नगर परिषद क्षेत्र गौ सदन के निकट तिब्बती स्कूल के साथ लगते असुरक्षित स्थानो पर संरक्षण कार्य के लिए 2 करोड़ 47 लाख 25 हजार 690 रुपए की राशि, भुंतर पुल व पार्वती और व्यास नदी के संगम स्थल पर बाढ़ संरक्षण कार्यो के लिए दो करोड़ 35 लाख 93 हजार 240 रुपए की राशि जल शक्ति विभाग को तथा कुल्लू मनाली व्यास नदी के बाएं किनारे छुरुडू में आरडी प्रोटेक्शन कार्यों के लिए 2 करोड़ 48 लाख 60 हजार 90 रुपये की राशि जारी की है।

## बोरवेल खुले छोड़े तो कार्रवाई होगी: एडीसी निधि पटेल

**टीम एक्शन इंडिया/बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर। बिलासपुर** जिला में अनुपयोगी और खुले नलकूपए बोरवेल, ट्यूबवेल को खुला छोडे पर सम्बन्धित व्यक्ति पर कार्रवाई करें यह निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर डॉ. निधि पटेल ने बुधवार को जिला के सभी उपमंडल अधिकारियों जारी किए। उन्होंने कहा कि हिमाचल के साथ लगते राज्यों में आय दिन बोरवेल में बच्चों के गिरने के हादसे देखे जा रहे हैं। जिला बिलासपुर में भी इस पर सतर्कता बरतने ने की आवश्यकता है। उन्होंने जिला वासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस मामले को गंभीरता से लेने की आवश्यकता है ताकि जिला के किसी भी परिवार के बच्चे के साथ किसी भी प्रकार की हादसा ना हो और सभी लोग सावधानी बरत कर इस प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिला बिलासपुर के अंतर्गत अनुपयोगी और खुले नलकूप, बोरवेल, ट्यूबवेल को खुला छोडने के मामले किसी भी व्यक्ति के सामने आता है तो वह अपने नजदीकी और संबंधित उपमंडल अधिकारी को संपर्क कर सकते हैं।

## एसजेवीएन ने नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को गर्मजोशी से विदाई दी

शिमलाः नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन को कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में एसजेवीएन परिवार द्वारा समारोह के दौरान गर्मजोशी से विदाई दी गई। इस अवसर पर गीता कपूर, निदेशक (कार्मिक), ए.के. सिंह, निदेशक (वित्त), सुशील शर्मा, निदेशक (परियोजनाएं) तथा एसजेवीएन कर्मचारियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। नन्द लाल शर्मा हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) में अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्री नन्द लाल शर्मा ने एसजेवीएन को भारत और विदेश में तीव्रता से विकास की ओर अग्रसर किया और वर्तमान में कंपनी के पोर्टफोलियो को 5200 मेगावाट से बढ़ाकर 59872 मेगावाट कर दिया है। उनके नेतृत्व ने कंपनी को विभिन्न शीर्षों जैसे हाइड्रो, थर्मल, सोलर, विंड, ट्रांसमिशन, कंसल्टेंसी और पावर ट्रेडिंग के क्षेत्रों में विकास में सहायता की है। उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी के शेयर मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है।

# सीजन की पहली बारिश व बर्फबारी से किसान बागवानों ने ली राहत की सांस

**टीम एक्शन इंडिया/गोहर/सुभाग सचदेवा**

**लगभग 4 महीने** के सुखे के बाद आज मौसम की पहली बारिश और बर्फ बारी से क्षेत्र के किसान बागवानों ने राहत की सांस ली है। सिराज क्षेत्र व नाचन क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में हुई हल्की बर्फ बारी से जहां सेब के बागवानों में खुशी की लहर है वहीं पर निचले क्षेत्र में हुई बारिश से किसानों ने भी राहत की सांस ली है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार सिराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत माता शिकारी शेटाधार मगरूगला कमरुनाग दैवीदहड की ऊंची पहाडिों पर 6 से 8 इंच बर्फ बारी हुई है जबकि निचले क्षेत्र में रात भर बारिश होती रही जिससे मटर व गंदम की फ सल को फ ायदा हुआ है। एसडीएम सराज ललित पोसवाल ने बताया गत रात्रि सीजन की पहली बर्फबारी हुई है जिससे सराज विधानसभा क्षेत्र के ऊपरी इलाकों में 6 से 8 इंच के बीच बर्फ बारी हुई है। जबकि निचले क्षेत्र में बारिश हुई है जिसे सेब मटर गोभी आदि के पैदावारों को राहत मिली है। बर्फ बारी के बावजूद आवाजाही सुचारू रूप से चल रही है किसी प्रकार के नुकसान का कोई खबर नहीं है। एसडीएम ललित पोसवाल ने शेटाधार शिकारी माता और कमरूनाग जाने वाले पर्यटकों से निवेदन किया है कि इस मौसम में इन धार्मिक स्थलों का रुख ना करें किसी प्रकार की भी अनहोनी घटना पेश आ सकती है।

# संजय अवस्थी आज से अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन। मुख्य** संसदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग संजय अवस्थी प्रथम फ रवरी, 2024 से 04 फ रवरी, 2024 तक अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। संजय अवस्थी प्रथम फरवरी, 2024 को प्रातः 11:30 बजे अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सौर की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। मुख्य संसदीय सचिव 02 फ रवरी, 2024 को प्रातः 11:30 बजे लोक निर्माण विभाग के अर्की स्थित विश्राम गृह में लोगों की समस्याएं सुनेंगे।

# क्विज ज्ञान प्रतियोगिता में परमेश, हरप्रीत, अनमोल व आदित्य प्रथम

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**स्पेशल ओलंपिक** भारत जिला ऊना के द्वारा बौद्धिक अक्षम बच्चों के लिए क्विज ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को आश्रय स्कूल देहलां में किया गया। इस आयोजन की अध्यक्षता एसबीआई एजीएम ऊना संजू बंगा ने की। प्रतियोगिता में जिला ऊना के तीन स्कूलों के विशेष बच्चो ने हिस्सा लिया, जिसमें आश्रय स्कूल के परमेश सिंह, हरप्रीत सिंह, अनमोल सैनी और आदित्य चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरा स्थान विशाखा शर्मा और सिमरन ने हासिल किया और तीसरा स्थान प्रेम आश्रम ऊना के नमनप्रीत और बेबी ने हासिल किया। एसबीआई एजीएम ऊना संजू बंगा ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया। ओलंपिक भारत के जिला अध्यक्ष विजय मलांगड़ ने कहा कि दिव्यांगों को सरकारी स्तर पर नौकरी इत्यादि का प्रावधान करवाने का प्रयास स्पेशल ओलंपिक भारत की राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिका नड्डा के माध्यम से किए जा रहे हैं।



# एससीएसटी वर्ग के उत्थान के लिए स्वीकृत बजट अन्य मदों पर हो रहा है व्यय: प्रो. केएस

## घंडीर में स्टेट कोलिजन फार लेजिसलेशन आफ एससीए एसटी की बैठक संपन्न

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर**

**हिमाचल प्रदेश** में सरकारें लम्बे समय से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति समुदाय के समुचित और समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक बजट में धन का प्रावधान कर रही है परन्तु विभिन्न माध्यमों से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार यह पता चलता कि है कि आज तक सभी सरकारों ने अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के विकास पर सही मायनों में मात्र पांच प्रतिशत बजट खर्च किया है और शेष प्रस्तावित धन राशि को सभी सरकारें अन्य मदों में डाईबर्ट करके सामान्य विकास पर खर्च कर रही हैं। हिमाचल प्रदेश की सरकार पर यह आरोप लगाते हुए स्टेट कोलिजन फ ार लेजिसलेशन आफ शेड्यूलड कास्ट एंड शेड्यूलड ट्राइब हिमाचल प्रदेश के प्रमुख नेता प्रो. खजान सिंह धीर ने घण्डीर कस्बे में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदाय के एक जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।। अपने संबोधन में सरकारों की कथनी और करनी में भारी के अन्तर पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान के अनुसार बजट में प्रावधान होने के उपरांत भी बहानेबाजी के बल पर ही अन्य कार्यों पर बजट खर्च करके गरीब लोगों को विकास की मुख्य धारा से वंचित रखा है। प्रेस को जारी बयान में प्रो. धीर ने कहा कि सरकारों की इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए व दलित वर्ग के समुचित विकास हेतु तेलंगाना, राजस्थान, तमिलनाडु आदि सरकारों ने अपनी अपनी विधानसभाओं में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सब प्लान के बजट को संबन्धित समुदाय पर ही खर्च करने के मकसद से विशेष एक्ट बनाया है। अतः उन्होंने हिमाचल प्रदेश सरकार से भी अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सब प्लान के बजट को संबन्धित समुदाय पर ही खर्च करने के लिए विधानसभा में विशेष एक्ट बनाने की मांग की है। धीर ने उपस्थित जनसमूह से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनमानस में जाकर जनता को इस विषय में जागरुक करे। इस बैठक में ज्ञान सिंह गम्भीर, गुरदास सिंह सुमन, मनशा राम, चैन सिंह सुमन, परमेश्वरी लाल बंगला, लेखराम सेन, कांशीराम, देवराज भाटिया आदि बुद्धिजीवियों ने भी अपने विचार रखे।



# 'भाजपा के नेताओं को झूठ बोलने की आदत'

**टीम एक्शन इंडिया/ सोलन/ मनीष**

**बुधवार को कांग्रेस** के जिलाध्यक्ष शिवकुमार द्वारा पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सोलन में प्रेसवार्ता की गई। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के नेता प्रदेश में बड़े-बड़े दावे कर झूठ बोल रहे है। शिवकुमार ने कहा कि बीते दिनों केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपने बयान में कहा कि आपदा के दौरान केंद्र से 1762 करोड़ रुपए का फंड मदद के रूप में प्रदेश सरकार को मिला है, शिवकुमार ने कहा कि लेकिन जमीनी हकीकत में ऐसा नही है। शिवकुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इस आपदा के दौर में भी बेहतर कार्य कियाएहर क्षेत्र में खुद मुख्यमंत्री और मंत्री गए और प्रभावित लोगो की मदद की गई। शिवकुमार ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा हिमाचल से है केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल से है और तो और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को अपना दूसरा घर मानते है लेकिन आज आपदा के समय मे ये लोग शायद हिमाचल को भूल गए। शिवकुमार ने कहा कि आज व्यवस्था परिवर्तन की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार प्रदेश में एक साल का बेहतरीन कार्यकाल पूरा कर चुकी है और जनता सरकार के कार्यो की सराहना कर रही है।लेकिन अब लोकसभा चुनाव नजदीक है और भाजपा के नेताओं से प्रदेश की जनता यह जवाब जरूर मांगेगी की आखिर आपदा के दौर में कितनी मदद भाजपा के लोग केंद्र से लेकर आए। शिवकुमार ने कहा कि भाजपा के नेता जितना बड़ा झूठ बोल ले लेकिन प्रदेश की जनता इतनी भी भोली नही है कि सच और झूठ में फैसला न कर सके। आज प्रदेश की जनता जानती है कि लोगों के हितों की रक्षा के लिए और योजनाओं को लाकर कौन प्रदेश के हिट में कार्य कर रहा है। शिवकुमार ने कहा कि आज हिमाचल प्रदेश में युवाओं को स्वरोजगार से जोडने के लिए सरकार कार्य कर रही है, हिमाचल कैसे ग्रीन राज्य के रूप में उभरकर सामने आए, कैसे हिमाचल आत्मनिर्भर बने इसके लिए योजनाओं को लेकर सरकार कार्य कर रही है।



# लाहुल से भाजपा के संस्थापक सदस्यों ने छोड़ी भाजपा, कांग्रेस में दिखाई आस्था

**टीम एक्शन इंडिया/ मनाली/ राज अग्रवाल**

लाहुल स्पीति के गौशाल गांव के भाजपा के संस्थापक सदस्य अभय चंद राणा और राकेश शाशनी ने भाजपा को अलविदा कह कर कांग्रेस में आस्था दिखाई है। लाहुल स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि भाजपा छोड़ आए भाजपा के दोनों ही संस्थापक सदस्यों का कांग्रेस पार्टी में उन्होंने स्वागत किया है और यह विश्वास दिलाया है कि उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जायेगा। रवि ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में जनजातीय जिले में किए जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर लोग कांग्रेस में आस्था दिखा रहे हैं जिससे पार्टी के लिए आने वाले लोकसभा चुनावों में बहुत सकारात्मक परिणाम होंगे। रवि ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद करोड़ों रुपए की परियोजनाओं पर कार्य आरंभ हो चुका है। लाहुल स्पीति शीतकालीन खेलों का हब बनेगा। जिसके लिए मुख्यमंत्री ने स्वयं इस और रुचि दिखाते हुए लाहुल को शीतकालीन खेलों एवं धार्मिक पर्यटन हब बनाने की बात कही है।



# श्री राधा कृष्ण मंदिर में आज से वार्षिक महोत्सव होगा शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**श्री राधा-कृष्ण** मंदिर कोटला कलां में एक फरवरी से वार्षिक महासम्मलेन उत्सव शुरू होने जा रहा है। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज के नेतृत्व में 13 फरवरी तक चलने वाले इस महासम्मेलन में श्रद्धालुओं को श्री कृष्ण की लीलाओं से जोड ? का प्रयास किया जाएगा। मंदिर में अगले 13 दिन तक यहां वृंदावन की झलक देखने को मिलेगी। महोत्सव में हजारों श्रद्धालु शिरकत करेंगे।महोत्सव के लिए मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइटों और फूलों से सजाया गया है। ऊना शहर में सडकों के किनारे



ध्वज और होर्डिंग्स लगाए गए हैं। इस महोत्सव में श्रीमद्भागवत कथा रासलीला, गीता प्रवचन और संकीर्तन के कार्यक्रमों से माहौल भक्तिमय रहेगा। मंदिर के प्रवक्ता किशोर लाल ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर में रासलीला का आयोजन भी होगा। वहीं 5 फरवरी को मंदिर प्रांगण से विशाल शोभा यात्राा निकाली जाएगी, जो पूरे शहर से होते हुए वापिस मंदिर परिसर में ही संपन्न होगी। इस दौरान रामलीला मैदान में भी शोभा यात्रा का भव्य स्वागत होगा। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन में गीता प्रवचन का भी आयोजन होगा। 1 से 3 फरवरी तक गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज गीता प्रवचन करेंगे।

**शोभायात्रा में झांकियां होंगी विशेष आकर्षण**

1 से 3 फरवरी तक गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज सुबह 11 बजे से गीता पर उपदेश देंगे। 4 और 5 फरवरी को वृंदावन से चित्र विचित्र की जोड़ी कृष्ण भजनों से रंग जमाएगी। 5 फरवरी को ही राष्ट्रीय संत बालजी महाराज की अगुवाई में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू, उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री व लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य को भी निमंत्रण दिया गया है। शोभायात्रा में विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां मुख्य आकर्षण होगी।

कृष्ण चंद्र शास्त्री के प्रवचन 7 से

महोत्सव के दौरान 7 से 13 फरवरी तक विश्व विख्यात कथावाचक कृष्ण चंद्र शास्त्री ठाकुर अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डूबोएंगे। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक होगी।

# सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर बजरंग दल उग्र



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**बजरंग दल** इकाई ऊना ने रायपुर सहोड़ा की फेसबुक पेज पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर रोष जताया है। इस संबंध में बुधवार को बजरंग दल ने प्रदेश सह संयोजक उदय सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर को शिकायत पत्र सौंप कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। उदय सिंह ठाकुर ने बताया कि रायपुर सहोड़ा निवासी युवक द्वारा फेसबुक पर भगवान राम, लक्ष्मण एवं माता सीता को दशार्ते हुए आपत्तिजनक सामग्री को शेयर किया है। इस युवक द्वारा हिंदुओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है, जिससे भारी रोष है। ऐसे में हमारी मांग है कि युवक के खिलाफ कानून अनुसार केस दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। इस अवसर पर रिशभ, संदीप, अभिषेक, राघव, रॉबिन सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चमियाड़ी सोसायटी में चल रहे निमार्ण कार्य की विडियोग्राफी को लेकर मारपीट

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुलिस थाना** बंगाणा के तहत चमियाड़ी सोसायटी में चल रहे निर्माण कार्य की विडियोग्राफी को लेकर प्रधान के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। वहीं व्यक्ति ने भी प्रधान के साथ मारपीट की है। पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चमियाड़ी सोसायटी के प्रधान धर्म चंद निवासी जटेहड़ी ने बताया कि चमियाड़ी सोसायटी की दूसरी मंजिल का काम चल हुआ है। काम की व्यवस्था देखने के लिए मौजूद था, तो विजय सिंह निवासी मतोह ने मोबाइल फोन से काम की वीडियोग्राफी शुरू कर दी। जब इसका विरोध किया, तो आरोपी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया और रास्ता रोककर डंडे से मारपीट शुरू कर दी। वहीं विजय सिंह निवासी मतोह का आरोप है कि चमियाडी सोसायटी के चल रहे निर्माण कार्य की मोबाइल फोन से वीडियोग्राफी कर रहा था, तो प्रधान धर्म चंद वीडियो न बनाने की बात कहते हुए बहस करने लगा। जब वापिस जाने लगा, तो रास्ता रोककर मारपीट शुरू कर दी और धमकियां भी दी। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने दोनों ओर से शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### धरूं में जमीनी विवाद को लेकर मां व बेटे पर दराट से हमला

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। पुलिस थाना** बंगाणा के तहत धरूं में जमीनी विवाद को लेकर मां व बेटा पर दराट से हमला हुआ है। मारपीट में दोनों लहुलूहान हुए है, जिसका थानाकलां में उपचार करवाया गया। पुलिस ने युवक की शिकायत पर मां-बेटा के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में राहुल ठाकुर निवासी ग्राम धरुं ने बताया कि गत शाम इसकी माता सुषमा कुमारी खेत में काम कर रही थी। इतने देर में गांव की ही सीमा देवी व उसका बेटा मुनीष कुमार हाथ में दराट लिए मौके पर पहुंच गए और जमीनी विवाद को लेकर बहसबाजी करने लगे और दराट से हमला कर दिया। हमले में राहुल ठाकुर व सुषमा कुमारी लहुलूहान हो गए। हमले में घायल दोनों को उपचार के सीएचसी थानाकलां अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। डीएसपी हेडक्वार्टर अजय ठाकुर ने बताया कि पुलिस ने सीमा देवी व उसके बेटे मुनीष कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### स्कूलों के पाठ्यकम में आपदा प्रबंधन शामिल करना स्वागत योग्य: विशाल

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। हिमाचल प्रदेश** सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा में ही आपदा प्रबंधन को पाठ्यक्रम में शामिल करना एक स्वागत योग्य निर्णय है और विद्यार्थी परिषद इसका पुरजोर स्वागत करती है। यह बात अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विशाल ठाकुर ने कही। ऊना से जारी ब्यान में विशाल ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में आपदा प्रबंधन कोर्स का पाठ्यक्रम को अपडेट करने का निर्णय लिया है। स्कूलों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए समिति तुरंत एक बैठक आयोजित करेगी, ताकि राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण उपायों को बढ़ाया जा सके व जल्द से जल्द इसका कार्यान्वयन किया जा सके।

### सीमा बनी 20 सूत्रीय कार्यकम की सदस्य

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी। जिला योजना,** विकास एवं 20 सूत्रीय कार्यक्रम समीक्षा में शामिल करने पर ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा शर्मा ने प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया है। उन्होंने इस नियुक्ति पर विशेष तौर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखबिंदर सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, ऊना सदर के पूर्व विधायक सतपाल रायजादा और प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जेनव चंदेल का आभार प्रकट करते हुए कहा कि वो इस समिति में पूरी सक्रियता से काम करेंगी। इसके अतिरिक्त सरकार की जनहित योजनाओं को आम जनतक पहुंचाने के लिए भरसक प्रयास करती रहेंगी ताकि लोग सरकार की योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने कहा कि लोगों की लंबित समस्याओं को हल करवाने के लिए भी प्रशासन से समय-समय पर प्रयास करेंगी।

### मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित

**टीम एक्शन इंडिया/सोलन। सोलन** जिला के विकास खण्ड सोलन, कण्डाघाट, कुनिहार और नालागढ़ की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत मतदाता सूची का प्रारूप अंतिम रूप से प्रकाशित कर दिया गया है। यह जानकारी आज यहां जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने दी। उन्होंने कहा कि सोलन जिला के विकास खण्ड सोलन की ग्राम पंचायत जौणाजी एवं कौरों कैंथड़ी, विकास खण्ड कण्डाघाट की ग्राम पंचायत चायल, विकास खण्ड कुनिहार की ग्राम पंचायत समोग तथा विकास खण्ड नालागढ़ की ग्राम पंचायत बधोखरी और मंझोली में रिक्त पदों के लिए उप चुनाव होना है।

जिला निर्वाचन अधिकारी पंचायत ने कहा कि इन ग्राम पंचायतों में रिक्त पदों के लिए होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत हिमाचल प्रदेश पंचायती राज निर्वाचन नियम, 1994 के अनुरूप मतदाता सूचियां अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई है।

# वार्षिक पारितोषिक विरतण समारोह का आयोजन किया गया

## विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि इस बजट में उनकी प्राथमिकता शिक्षा ही

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/ राजन पुरी**

**राजकीय वरिष्ठ** माध्यमिक पाठशाला जोह में वार्षिक पारितोषिक विरतण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्यातिथि गगरेट विधायक चैतन्य शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर विधायक ने मेधावी छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि इस बजट में उनकी प्राथमिकता शिक्षा ही है, इसलिए गगरेट के स्कूलों में चल रही कई खामियों को इस बजट में दूर करने की कोशिश की जाएगी। विधायक ने कहा कि नशा एक



मानसिक रोग है, जो लोग नशा बेच रहे है, उनके साथ हम सब मिलकर सख्ती से एक्शन ले रहे है और भविष्य में भी लेते रहेंगे, लेकिन जो बच्चे इस बीमारी से पीड़ित है, उन्हें इनसे बाहर निकालने की जरुरत है, उनको चिन्हित करके उन्हें इस गर्त से बाहर निकालने का भी प्रयास करें। विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि अयोध्या के लिए पंजीकरण शुरू है विधानसभा गगरेट का कोई नागरिक अयोध्या जाना चाहता है, तो वो उनके कार्यालय या फिर ऑनलाइन पंजीकरण करवाए 22 फरवरी से ये फ्री यात्रा शुरू हो रही है । विधायक चैतन्य शर्मा ने स्कूल में एक शेड व स्टेज बनाने की भी घोषणा विधायक निधि से की है। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य उपस्थित रहे।

**विधायक निधि**

8 विधायक चैतन्य शर्मा ने स्कूल में एक शेड व स्टेज बनाने की भी घोषणा विधायक निधि से की है

# जिला मंडी में बारिश का दौर शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/ मंडी/ खेमचंद शास्त्री**

**प्रदेश में लंबे** समय से पड़े सूखे के बाद मंगलवार रात से बारिश व बर्फ बारी का दौर शुरू हो गया है। जिसको लेकर लोगों ने भी राहत की सांस ली हैं। प्रदेश में जहां पहाड़ों ने सफेद चांदी ओढ़ ली हैं तो वहीं मैदानी इलाकों में बारिश का क्रम लगातार जारी हैं। जिला मंडी में मंगलवार रात से ही बारिश हो रही हैं। जिला की शिकारी देवी, पराशर, कमरुनाग सहित सभी ऊपरी क्षेत्रो में बर्फ बारी का दौर जारी हैं। मंडी के स्थानीय निवासी अनंत राम व चमन लाल ने बताया कि बारिश का लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे उन्होंने पहली बार ऐसा देखा कि इतने लंबे समय तक



लोगों ने सूखे जैसी स्थिति का सामना किया।बारिश ना होने से गेंहू की फ सल नष्ट हो गई हैं और अब आने वाले समय मे बारिश नहीं हुई तो लोगों को पानी की किल्लत का भी सामना करना पड़ सकता हैं।वहीं वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा ने तो आंकड़ो के हिसाब से 27 साल बाद ऐसा दौर आया कि इतने समय तक लोगों को सूखे से निपटना पड़ा।उन्होंने कहा कि पिछले 24 घण्टों से बारिश तो हो रही हैं पर जरूरत के हिसाब से यह बारिश कम है और जनवरी माह में 1 प्रतिशत बारिश ही दर्ज की गई हैं।

### लैप्रोस्कोपिक द्वारा कोलन कैंसर का सफलतापूर्वक इलाज

**टीम एक्शन इंडिया/ बिलासपुर/ कश्मीर ठाकुर। एम्स बिलासपुर** के जनरल सर्जरी विभाग के सर्जनों की एक टीम ने कोलन (बड़ी आंत) कैंसर के दो रोगियों के सफ ल आपरेशन लेप्रोस्कोपिक उपचार के साथ सफलतापूर्वक किया है। उन्नत सर्जिकल तकनीकों का उपयोग करते हुए कुशल टीम ने रोगी देखभाल में उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। जिससे दोनों व्यक्तियों के लिए सफ ल परिणाम सुनिश्चित हुआ। लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, जो अपने न्यूनतम इनवेसिव दृष्टिकोण के लिए जानी जाती है, ने इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिससे जल्दी ठीक होने में समय लगा और ऑपरेशन के बाद असुविधा कम हुई।

# गगरेट पुलिस ने पंजाब के बदमाशों को पौने दो माह बाद किया गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**उपमंडल गगरेट** के सीमावर्ती गांव सलोह बेरी में चोरी की नियत से घुसकर घर के मालिक की नींद खुल जाने पर उनसे मारपीट कर फरार हुए बदमाशों को गगरेट पुलिस ने अथाह मेहनत कर ढूंढ निकाला है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर उनका पुलिस रिमांड हासिल करने की ताकीद की है। बता दें कि ग्यारह और बारह दिसंबर की मध्यरात्रि सलोह बेरी गांव में दो बदमाश चोरी की नियत से घर के अंदर घुस गए। इसी बीच घर की एक महिला की आंख खुल गई। घर में अजनबियों को घुसा देख उसने फोन कर साथ लगते लोगों को बुलाया। जब लोग उन्हें पकड ? का प्रयास कर रहे थे, तो उक्त बदमाश लोहे की रोड से उन्हें घायल कर भागने में सफल रहे। उन्हें ढूंढ निकालना पुलिस के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं था। इस सिलसिले में सब इंस्पेक्टर अजीत सिंह, एएसआई कुलभूषण गुलेरिया, एचसी विपिन, एचसी भागा राम व कांस्टेबल गुरमेल सिंह पर आधारित एक टीम का गठन किया गया। इस टीम ने सघन प्रयास कर पहले इलाके के सीसीटीवी खंगाले। जिससे पता चला कि आरोपी उस दिन सांय मुबारकपुर में बस में बैठे और मारवाड़ी उतरे। इस लीड के आधार पर पुलिस ने आगे की जांच शुरू की, तो दो आरोपी पंजाब के होशियार जिले की मुकेरिया तहसील के गांव भटेड़ गांव के निकले। इनकी शिनाख्त सनी व सुलतान निवासी होशियारपुर के रूप में हुई, जिन्हे गिरफ्तार कर पुलिस टीम यहां ले आई। करीब पौने दो माह बाद इस ब्लाइंड केस को सुलझा लेने से पुलिस की भी जमकर तारीफ की जा रही है। डीएसपी अंब वसुधा सूद ने बताया कि दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उनका पुलिस रिमांड हासिल किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र में हुई और चोरी की घटनाओं से संबंधित पूछताछ की जा सके।

# 'कांग्रेस के गुर्गे खा रहे मुर्गे, मरीजों के ढीले हो रहे पुर्जे'

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

**ऊना के भाजपा** विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला बोला है। हाल ही में निजी अस्पतालों द्वारा हिमकेयर योजना के तहत लोगों का उपचार बंद करने और मुख्यमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम में चिकन बनाने के मुद्दों को लेकर विधायक ने सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। विश्राम गृह ऊना में पत्रकार वार्ता के दौरान विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि कांग्रेस के गुर्गे खा रहे है मुर्गे और मरीजों के ढ़ीले हो रहे है पुर्जे। विधायक ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश में हालत यह हो चुकी है कि सरकारी पैसे का जमकर दुरूपयोग



हो रहा है, लेकिन बात जब आम जनता के सुख और इलाज की आती है तो सरकार खजाना खाली होने की बात कह रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज्य में महज 1 वर्ष के भीतर हिमाचल प्रदेश में अराजकता का माहौल आम जनता से लेकर कांग्रेस के विधायकों तक जा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लोगों को ऐश करवाने के लिए सरकार खुले दिल से सरकारी पैसा उड़ा रही है, लेकिन जब प्रदेश के आम नागरिकों और गरीबों के इलाज की बात आती है तो पूर्व सरकार द्वारा शुरू की गई हिमकेयर जैसी योजनाओं के लिए सरकार के पास पैसा ही नहीं है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की अराजकता का यह हाल है कि बिना किसी ओहदे के लोग सरकारी अधिकारियों और गाडि ?ों के काफिले लेकर घूम रहे हैं। यहां तक की हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस के विधायकों ने भी सरकार की फिजूल खर्ची पर सवाल खड़े किए, कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ने भी कर्मठ कार्यकताओं की अनदेखी करते हुए चहेतों को लाभ पहुंचाने के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यदि जल्द हिमाचल प्रदेश सरकार ने हिमकेयर जैसी योजना के लिए बजट जारी नहीं किया तो भाजपा को बड़ा आंदोलन खड़ा करना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश की सरकार की होगी।

# जिला में 25 फरवरी को करवाएं जाएंगे उप-चुनाव

**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**विकास खंड** अंब, बंगाणा, हरोली, गगरेट व ऊना में पंचायत समिति सदस्य, ग्राम पंचायत प्रधान, उप-प्रधान तथा ग्राम पंचायत सदस्यों के रिक्त पदों के लिए उप-चुनाव 25 फरवरी को करवाए जाएंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त ऊना राघव शर्मा ने दी। डीसी ने बताया कि उप-चुनावों के दृष्टिगत प्रधान, उप-प्रधान तथा वार्ड सदस्य से संबंधित उप-चुनाव वाली समूची ग्राम पंचायत में जबकि पंचायत समिति सदस्य से संबंधित उप-चुनाव में ग्राम पंचायतों में केवल उस पंचायत समिति के संबंधित वार्ड क्षेत्र में ही आदर्श आचार संहिता लागू रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी राघव शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र 8, 9 व 12 फरवरी को प्रातः 11 से सायं 3 बजे तक भर सकते हैं। 13 फरवरी को प्रातः 10 बजे से प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच की जाएंगी, जबकि 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। 15 फरवरी को नाम वापस लेने की प्रक्रिया पूर्ण होने के तुरंत बाद चुनावी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि 8 फरवरी या उससे पहले मतदान केंद्रों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। जिला के विभिन्न विकास खंडों में रिक्त पदो के लिए उप-चुनाव 25 फरवरी 2024 को प्रातः 8 से सायं 4 बजे तक वोट डाले जाएंगे तथा उसके बाद प्रधान, उप-प्रधान व वार्ड सदस्यों के मतों की गणना संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर करके चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। जबकि पंचायत समिति से संबंधित सदस्यों की मतगणना 26 फरवरी को संबंधित विकास खंड मुख्यालय पर प्रातः 9 बजे से आरंभ होकर पूर्ण होने तक जारी रहेगी तथा मतगणना पूर्ण होने के तुरंत बाद चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे। उपायुक्त ऊना ने बताया कि चुनाव से संबंधित पूरी प्रक्रिया 26 फरवरी 2024 तक पूर्ण कर ली जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विकास खंड अंब के अंतर्गत पंचायत समिति के वार्ड-15 कटौहड़ कलां (ग्राम पंचायत कटौहड़ कलां, कुठियाड़ी) तथा ग्राम पंचायत मंधोली के वार्ड 1 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए उप चुनाव करवाए जाएंगे। विकास खंड बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत तनोह के वार्ड 2 में ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए उपचुनाव करवाया जाएगा। जबकि विकास खंड गगरेट की ग्राम पंचायत सलोह बैरी के वार्ड नंबर-1 में ग्राम पंचायत सदस्य के लिए उप-चुनाव करवाया जाएगा। इसी तरह विकास खंड हरोली के तहत ग्राम पंचायत हरोली के वार्ड 5 व 6 में पंचायत सदस्यों के लिए उप चुनाव करवाए जाएंगे। विकास खंड ऊना के अंतर्गत पंचायत समिति के वार्ड-1 पनोह (ग्राम पंचायत पनोह, तयूड़ी, बटूही) में पंचायत समिति सदस्य पद के लिए उपचुनाव करवाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला की पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों के उप चुनावों हेतू अंब, बंगाणा, हरोली, गगरेट व ऊना के उप-मंडलाधिकारियों को संबंधित विकास खंडों के उप-चुनावों के संचालन के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्ति किया गया है। उन्होंने बताया कि संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को ग्राम पंचायतों में उप चुनाव के लिए सहायक रिटर्निंग अधिकारी/ पीठासीन अधिकारी/ मतदान अधिकारी तथा मतदान कर्मचारियों की नियुक्ति करने के लिए भी प्राधिकृत किया है।

# क्रिकेट मुकाबले में फार्मेसी विभाग रहा उपविजेता



**टीम एक्शन इंडिया/ ऊना/ राजन पुरी**

**इंडस इंटरनेशनल** यूनिवर्सिटी बाथू ने हाल ही में अपने परिसर में एक क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी की, जिसमें एक छात्र की शैक्षणिक यात्रा में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। कुलपति डॉ. संजय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्रों के समग्र विकास के लिए शारीरिक फिटनेस और संतुलित जीवनशैली के महत्व पर प्रकाश डाला गया। इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. जगदेव सिंह राणा ने समापन समारोह की अध्यक्षता की और योग्य विजेताओं को ट्रॉफी देकर वितरित की। फार्मेसी विभाग ने उपविजेता का स्थान हासिल किया। इस अवसर पर डॉ. सुमित कुमार, नरेंद्र कुमार व बलबीर सिंह मौजूद रहे।

संपादकीय

# दिल्ली की 'सुनहरी' पर बवाल क्यों?

**भारत** में विकास के कार्यों में कानूनी पेचीदगियां, धार्मिक एवं राजनीतिक हस्तक्षेप कोई नई बात नहीं है। वैसे भी विपक्ष और कुछ वर्ग विशेष के नुमाइंदों ने सरकार के प्रत्येक विकास के कार्य को सांप्रदायिक और सियासी मुद्दा बनाने की कुत्सित मानसिकता बना ली है। हाल ही में हमने नये संसद भवन के उद्घाटन, पवित्र सेंगोल और राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा जैसे प्रकरणों में कई कुतर्कों और दुर्भावनाओं के विष वमन को झेला है। यही संकीर्ण मानसिक प्रवृत्ति अन्य छोटे-बड़े विकास कार्यों को भी सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करती रहती है।

दिल्ली में एक सुनहरी मस्जिद है। यह लुटियन जोन में सड़क के बीचों-बीच गोल चक्कर में स्थित है। कभी इस गोल चक्कर को हकीम जी का बाग भी कहा जाता था। इस छोटे से बाग में सुनहरी मस्जिद खड़ी है। इसके चारों तरफ दिन-रात ट्रैफिक चलता है। नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुनहरी मस्जिद को हटाना चाहती है। एनडीएमसी के चीफ आर्किटेक्ट ने हाल ही में दिए एक विज्ञापन में जनता से इस मस्जिद को हटाने के संबंध में अपने सुझाव और आपत्तियां मांगी थी। जैसे ही ये विज्ञापन आया मानो कोई भूचाल आ गया हो। राजनेताओं से लेकर मौलानाओं ने इस मस्जिद को हटाने का विरोध किया। इसके विरोध में दिल्ली उच्च न्यायालय में दो याचिका भी दायर हुईं। एक याचिका में तो इसे दिल्ली वक्फ बोर्ड की जमीन पर बने होने का दावा भी किया है, जबकि एनडीएमसी ने हलफनामा देकर कहा है कि ये एनडीएमसी की जमीन है। सोशल मीडिया पर भी इसका हर तरह से विरोध किया जा रहा है। हैरत की बात है कि हर कोई जानता है कि इस मस्जिद की वजह से अकसर वहां ट्रैफिक की समस्या बनी रहती है और जुमे के दिन यहां नमाजियों की अच्छी खासी भीड़ रहती है। लेकिन इसे एक सांप्रदायिक मुद्दा बनाया जा रहा है और यह आरोप लगाया जा रहा है कि ये सब किसी एक समुदाय की धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए किया जा रहा है। जबकि सच तो यह है की पिछले पांच साल में इसी वर्तमान सरकार ने विकास कार्यों के लिए अनगिनत मंदिरों को तोड़ कर सड़कें चौड़ी करवाईं और निर्माण कार्य करवाए जिससे ट्रैफिक की समस्या में लाभ भी हुआ। लेकिन ये सब न इतनी प्रमुखता से मीडिया में आता और न ही यह सब कभी विस्तृत चर्चा का विषय बनता है । शायद मंदिरों को तोड़ कर ट्रैफिक की समस्या का हल निकालने को सकारात्मक रूप से देखा जाता है और जबकि यह बात दूसरी ओर लागू नहीं होती। इस मस्जिद को दिल्ली सरकार की 2009 की अधिसूचना के अनुसार ग्रेड-क्क्क विरासत भवन के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। आपको यह जान कर अचरज होगा की 2009 की अधिसूचना के तहत, विरासत संरक्षण समिति की सलाह पर नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ने 141 विरासत स्थलों को शामिल किया था। अचरज वाली बात यह है कि 141 स्थलों में से 51 मस्जिदें और मकबरे हैं और केवल दो मंदिर हैं, जिन्हें विरासत स्थलों में शामिल किया है। अगर आप दिल्ली एकीकृत भवन निर्माण उपविधि 2016, के अनुलग्नक - '' में क्लॉज 1.5 को पढ़ें तो साफ समझ आता है की इन स्थलों को विरासत स्थलों की सूची में सुझाव देने से लेकर स्थान देने तक का जिम्मा सरकार का है।

# खड़गे के बयान से झलकती कांग्रेस की हताशा



आशीष वशिष्ठ

"कांग्रेस के अलावा कई अन्य दल भी मोदी सरकार पर तानाशाही के आरोप जड़ते हैं। लेकिन उनके पास एक भी ऐसा उदाहरण नहीं जिससे वो साबित कर सकें कि मोदी सरकार ने कौन सा ऐसाकाम किया है, जो तानाशाही की श्रेणी में आता है। या जिससे लोकतंत्र का गला घुटा हो। मोदी सरकार के हर निर्णय पर विपक्ष को ऐसा लगता है कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है, लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है, या फिर लोकतंत्र खतरे में है। वास्तव में उन्हें विरोध के लिए विरोध करना है। उनके हाथ में न कोई मुद्दा है और न ही जनसमर्थन और जनविश्वास उनके साथ है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सामान्य आंतरिक आलोचना विरोध भले ही हो, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान जैसे सम्पन्न शक्तिशाली देश भारत के लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका मान रहे हैं"

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे बीती 29 जनवरी को भुवनेश्वर में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, 2024 लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का आखिरी मौका होगा। अगर इस चुनाव में भाजपा जीती तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस देश में दोबारा चुनाव नहीं होने देंगे। वे एक तानाशाह की तरह इस पर रोक लगाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष के बयान से देश की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक शासन करने वाली पार्टी की हताशा, निराशा और पराजय स्पष्ट झलकती है।

कांग्रेस अध्यक्ष जब यह कहते हैं कि मोदी दोबारा सत्ता में आए तो कोई चुनाव नहीं होगा। आपके पास मतदान का आखिरी मौका है। ऐसा बयान देते समय शायद खड़गे अपनी ही पार्टी का चरित्र, आचरण, कृत्य और इतिहास भूल जाते हैं। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में लगभग छह दशक कांग्रेस ने देश की सत्ता को संभाला। इस कालावधि में उसने लोकतंत्र को कमजोर और कलंकित करने के एक नहीं कई काम किये। कांग्रेस सरकार की तानाशाही रवैये और व्यवहार के किस्सों की भी कोई कमी नहीं है। कांग्रेस ने 25 जून, 1975 को देश को इमरजेंसी के दलदल में धकेल दिया। इस दौरान कांग्रेस ने लोकतंत्र का गला घोंटने का काम किया। रातों रात लोगों के मौलिक अधिकार छीन लिए गए। कांग्रेस ने न सिर्फ विपक्षी दलों के नेताओं बल्कि सच के साथ खड़े पत्रकारों का भी दमन किया। विरोध की आवाज को दबाने के लिए पूरे विपक्ष को जेल में डाल दिया गया। बड़े मीडिया संस्थानों तक के संपादकों को गिरफ्तार किया जा रहा था, उन पर पाबंदियां लगाई जा रही थीं। अलोकतांत्रिक रूप से बाबा साहब के संविधान में संशोधन किया गया। कांग्रेस ने संवैधानिक संस्थाओं को भी कमजोर किया। खड़गे को याद करना चाहिए कि, मीसा कानून कौन लेकर आया था? मीसा में आपातकाल के दौरान कई संशोधन किए गए और इंदिरा गांधी की निरंकुश सरकार ने इसके जरिए अपने राजनीतिक विरोधियों को कुचलने का काम किया। इंदिरा सरकार की अमानवीयता का आलम यह था कि दिल्ली और पश्चिमी यूपी के इलाकों में नसबंदी से इनकार करने वाले लोगों पर अत्याचार किया गया। पुलिस की गोलीबारी में कई लोग मारे गए। महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने की बातें करने वाली कांग्रेस को उनके विचारों से भी डर लगने लगा था। उस समय इंदिरा गांधी ने किशोर कुमार के गानों को बैन कर दिया था। आपातकाल थोपने वाली कांग्रेस के काले कारनामों के बारे में जानकर हर कोई सन्न रह जाता है। केंद्र में विपक्ष में बैठी कांग्रेस लोकतंत्र की दुहाई देती है। लेकिन उसके शासित राज्यों में जिस तरह विपक्ष और मीडिया का दमन किया जाता है, उससे कहा जाता है कि समय बदल गया है, लेकिन कांग्रेस की आपातकालीन मानसिकता नहीं बदली है, वो आज भी जारी है। लोकतंत्र की दुहाई देने वाले कांग्रेस के नेता शायद भूल गए कि राजीव गांधी के जमाने में एक अखबार ने कुछ खिलाफ लिखा, तो उनके विरूद्ध ही मामला दर्ज कर दिया गया और संस्?थान की बिजली तक काट दी गई थी। टेलीग्राफ एक्ट कौन लेकर आया था...? राजीव गांधी के जमाने में ही टेलीग्राफ एक?ट आया था, जिसके तहत सरकार आम लोगों के पत्र पढ़ सकती थी और कार्रवाई कर सकती थी। पीवी नरसिंहाराव ने पैसे देकर सरकार बनाई, कोर्ट में साबित हो गया था। लोकसभा का कार्यकाल इंदिरा गांधी ने बढ़ाया था। जब कांग्रेस नेता ह्यइंडिया इज इंदिरा, इंदिरा इस इंडियाह्व का नारा लगाते थे तो क्या उन्हें इस नारे में तानाशाही की बू नहीं आती थी? अनुच्छेद 356 का कांग्रेस ने किस तरीके से उपयोग किया है, ये काफी दिलचस्प है। कांग्रेस ने अपने शासन काल के दौरान अनुच्छेद 356 का प्रयोग करते हुए 91 बार गैर कांग्रेसी सरकारों को हटाने का काम किया। पिछले दस सालों में मोदी सरकार ने एक बार भी अनुच्छेद 356 का प्रयोग नहीं किया। अटल जी के नेतृत्व में राजग सरकार के 6 साल के कार्यकाल में राष्ट्रपति शासन 4 बार लगने की नौबत आई थी। बीते पांच छह सालों में कांग्रेस शासित राज्यों में तानाशाही की वारदातें और करतूतें देशवासियों को याद हैं। राहुल गांधी की आलोचना करने पर कॉलेज के प्रोफेसर को बर्खास्त किया गया। राजीव गांधी के बारे में लिखने पर युवा बीजेपी नेता तेजिंदर सिंह बग्गा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। राहुल गांधी ने न्यायपालिका और चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया। सोनिया गांधी का बचपन का नाम लेने पर पत्रकार अर्णब गोस्वामी को गिरफ्तार कर उत्पीड़न किया गया। राहुल गांधी ने वीर सावरकर जैसे स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया। सोनिया और राहुल गांधी पर विज्ञापन देने वाली कांपनी के दफ्तर में कांग्रेस कार्यकताओं ने तोड़फोड़ की। लोकतंत्र की दुहाई देने वाली कांग्रेस अपने इन कर्मों को किस श्रेणी में रखेगी? इंडिया गठबंधन जिसमें कांग्रेस प्रमुख घटक दल है, ने 2023 में एक अभूतपूर्व कदम उठाते हुए उन 14 टीवी एंकरों की एक सूची जारी की है, जिनके प्रोग्राम में उनका प्रतिनिधि नहीं जाएगा। ये जगजाहिर है कि टीवी एंकरों का बहिष्कार करने के पीछे पूरी रणनीति कांग्रेस की थी। गैर भाजपा षासित राज्यों में विपक्ष के राजनीतिक दलों के नेताओं-कार्यकताओं, पत्रकारों और आम जनता के साथ सरकारी तंत्र जिस तानाषाही रवैये से पेष आ रहा है, वो किसी से छिपा नहीं है।

कांग्रेस के अलावा कई अन्य दल भी मोदी सरकार पर तानाशाही के आरोप जड़ते हैं। लेकिन उनके पास एक भी ऐसा उदाहरण नहीं जिससे वो साबित कर सकें कि मोदी सरकार ने कौन सा ऐसाकाम किया है, जो तानाशाही की श्रेणी में आता है। या जिससे लोकतंत्र का गला घुटा हो। मोदी सरकार के हर निर्णय पर विपक्ष को ऐसा लगता है कि लोकतंत्र की हत्या हो गई है, लोकतंत्र का गला घोटा जा रहा है, या फिर लोकतंत्र खतरे में है। वास्तव में उन्हें विरोध के लिए विरोध करना है। उनके हाथ में न कोई मुद्दा है और न ही जनसमर्थन और जनविश्वास उनके साथ है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि सामान्य आंतरिक आलोचना विरोध भले ही हो, अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, फ्रांस, जापान जैसे सम्पन्न शक्तिशाली देश भारत के लोकतंत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना कर अंतर्राष्ट्रीय शांति तथा विकास में महत्वपूर्ण भूमिका मान रहे हैं। चीन तक ने भारत की आर्थिक शक्ति को स्वीकारा है। इसका एक बड़ा कारण भारत में सरकार का स्थायित्व और बढ़ती जागरुकता, सामाजिक, आर्थिक, सामरिक ताकत है। राजनीतिक विरोध का स्तर इतना गिर चुका है कि संविधान की शपथ लिए हुए कुछ नेता सड़क पर धरना-आंदोलन और संसद द्वारा पारित कानून के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के जरिये जनमत संग्रह तक की शर्मनाक मांग करने लगे हैं? दुनिया के किस देश में राज्यों में बैठे सत्ताधारी क्या इस हद तक अपनी ही राष्ट्रीय सरकार और नीतियों का विरोध करते हैं? कभी अपनी सेना को पेंशन के लिए भड़काते हैं, तो कभी सीमा पर उनकी क्षमता पर संदेह कर चीन के भारतीय सीमा में घुसी होने के आरोप लगाते हैं। भारत में लोकतंत्र की जड़ें बहुत गहरी हैं। आम भारतीय की लोकतंत्र के प्रति गहरी आस्था और विश्वास है। ऐसे में किसी नेता या राजनीतिक दल का यह सोचना कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है,विशुद्ध तौर पर राजनीतिक बयान लगता है। अगर भ्रष्ट नेताओं पर कार्रवाई करना तानाशाही है; अगर, देश को संविधान के मुताबिक चलाना तानाशाही है; अगर संवैधानिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों की मान मयार्दा कायम रखना तानाशाही है; अगर देश को सुधार के रास्ते पर लेकर जाना तानाशाही है; अगर भ्रष्टाचार पर नकेल कसना तानाशाही है; अगर देश की उन्नति के बारे में सोचना तानाशाही है; अगर देश के प्रति वफादारी निभाना और राष्ट्र प्रेम का प्रदर्शन तानाशाही है; अगर गरीबों, वंचितों और शोषितों का कल्याण तानाशाही है; अगर तुष्टिकरण की बजाय सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास तानाशाही है तो मुझे ही नहीं हर सच्चे देशवासी को ये तानाशाही स्वीकार है। कांग्रेस और विपक्ष के नेताओं को यह समझना चाहिए कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए उन्माद नहीं सही मुद्दों और समाज को जागरूक एवं शिक्षित करने की जरुरत होती है।



कविता

## सूरज सी चमकी कविता

मेरा दिल है चाक कबीरा।
उनके लिए मजाक कबीरा।

महफिल में मैंने सच बोला
वो सब हुए अवाक कबीरा।

कहने को वो बहुत हैं भारी
वैसे वजन छटांक कबीरा।

बज्म में इज्जत मिले बस
नहीं चाहिए धाक कबीरा।

चादर तान जब सोते हैं वे
चांद को रहा ताक कबीरा।

सूरज सी है चमकी कविता
भले हो गया खाक कबीरा।

अरुण कुमार

# विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम

संजीव

**विगत 3 वर्षों से ज्यादा समय से** कोविड की महामारी के कारण पूरा विश्व अशांत एवं तनावग्रस्त रहा है। इसके तुरंत बाद तालिबान-अफगानिस्तान युद्ध में विश्व युद्ध की आशंका मंडराने लगी थी, इससे पूरा विश्व चिंता तथा तनाव के मध्य जीने लगा था' इसी क्रम में रूस-यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक युद्ध की आशंका को और बलवती बना दिया है। रूस यूक्रेन युद्ध में यूक्रेन लगभग तबाही के कगार पर बैठा है और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन परमाणु बमों का इस्तेमाल करने की घोषणा ने आग में घी का काम कर दिया है। इसराइल हमास फिलिस्तीन युद्ध जहां 26000 निर्दोष लोग मारे गए हैं और लगभग 70 हजार लोग घायल होने के बावजूद इसराइल हमास पर लगातार आक्रमण कर रहा है परिणाम स्वरूप अंतरराष्ट्रीय स्तर पर युद्ध की विभीषिका मंडराने लगी हैं। विश्व के अनेक राष्ट्र जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, फ्रांस, साउथ अफ्रीका और अन्य यूरोपीय देश भारत और रूस के कई वर्षों के निरंतर घनिष्ठ संबंधों के आधार पर भारत और भारत के प्रधानमंत्री से यह आशा लगाए बैठे हैं कि वह रूस और यूक्रेन युद्ध पर मध्यस्थता कर युद्ध में विराम लाने का प्रयास करेंगे।

विगत दिनों समरकंद में अंतरराष्ट्रीय बैठक में मोदी ने एक-एक कर के वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर पुतिन तथा जेलेंस्की से युद्ध विराम की अपील भी की है। ऐसे में भारत की गुटनिरपेक्षता एवं वैश्विक शांति तथा वसुधैव कुटुंबकम जैसा भारतीय दर्शन अत्यंत समीचीन एवं प्रासंगिक हो गया है। वर्तमान वैश्विक त्रासदी एवं वैश्विक अशांति के दौर में एक दूसरे की सहायता करना एवं एक दूसरे के मंतव्य, संवेदना को समझने की बड़ी आवश्यकता है। रूस और यूक्रेन के युद्ध का रुकना अब शांति बहाली के लिए अत्यंत आवश्यक भी है। भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश ने लगभग 40 देशों को कोविड-19 के महामारी के दौरान कई तरह से मदद भी की है। हालांकि भारत में महामारी के दौरान यूरोपीय देशों तथा अन्य देशों ने भी अपना परिवार मानकर खुले दिल से संक्रमण से लड़ने के लिए आर्थिक एवं चिकित्सकीय सहायता प्रदान की थी। भारत की विदेश नीति में वसुधैव कुटुंबकम और वैश्विक शांति की नीति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य की गई है। इसमें दो मत नहीं कि अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति की वन टू वन बैठक में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की ट्रस्टीशिप की नीति एवं भावना की दोनों देशों के राष्ट्र प्रमुखों ने बड़ी सराहना की,और उस पर विश्व को अमल करने की बात भी कही। भारत की विश्व के कई देशों को की गई सहायता भारत की नीति वसुधैव कुटुंबकम को स्पष्ट रूप से अभिव्यक्त करती है। भारत के प्रधानमंत्री ने सदैव अपनी अभिव्यक्ति में भी यह स्पष्ट रूप से जताया है कि भारत पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है एवं इसकी शांति तथा सुरक्षा की चिंता करते हुए अपनी विदेश नीति बनाता है।

विचार

# है आपकी अदाओं से गिरगिट भी शर्मसार

निर्मल रानी

**नितीश कुमार बिहार** की राजनीति के लिये कितना ही प्रासंगिक क्यों न रहे हों परन्तु उनके राजनैतिक जीवन का हासिल यही है कि उन्हें मीडिया ने 'पलटी मार' या 'पल्टूराम' का खिताब दे डाला है। नौ बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले नितीश कुमार अलग अलग अवसरों पर कभी यू पी ए समर्थित मुख्यमंत्री बने तो कभी भाजपा व एन डी ए समर्थित तो कभी कांग्रेस आर जे डी के साथ महागठबंधन बनाकर। दुर्भाग्यवश डॉ राजेंद्र प्रसाद,जय प्रकाश नारायण व कपूरी ठाकुर की कर्मभूमि वाले इसी राज्य में सत्ता से चिपके रहने में महारत रखने वाले नेता राम विलास पासवान को भी राजनीति का 'मौसम वैज्ञानिक' कहा जाता था। कहने को तो यह नेता स्वयं को धर्मनिरपेक्ष राजनीति का पैरोकार बताते हैं परन्तु महज सत्ता की मलाई खाने के लिये इन नेताओं ने साम्प्रदायिक शक्तियों से हाथ मिलाने में कभी परहेज नहीं किया। आज देश में दक्षिणपंथियों का जो विस्तार देखने को मिल रहा है उसमें देश के ऐसे तमाम 'गिरगिटों ' की भी अहम भूमिका है जिन्होंने सिर्फ और सिर्फ सत्ता की खातिर बार बार अपने जमीर का सौदा किया। परन्तु पिछले दिनों जिन परिस्थितियों में और जिस समय नितीश कुमार ने आर जे डी-कांग्रेस का साथ छोड़ एक बार फिर भाजपा के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद की शपथ नौवीं बार ली है, उनके इस अप्रत्याशित कदम ने उन्हें पूरी तरह बेनकाब कर दिया है। आश्चर्य की बात तो यह है कि कहाँ तो नितीश कुमार के ही प्रथम प्रयास से कठ.ऊकअ गठबंधन वजूद में आया। नितीश की पहल पर ही 23 जून 2023 को 18 विपक्षी दलों की सबसे पहली बैठक पटना में ही हुई थी। यहाँ तक कि उन्हें कठ.ऊकअ गठबंधन का संयोजक तक बनाने की चर्चा चली परन्तु अचानक ऐसा क्या हुआ कि उन्हें 'राजनैतिक व वैचारिक धर्म परिवर्तन ' के लिये मजबूर होना पड़ा ? कहां तो अगस्त 2022 में एनडीए से अलग होने के बाद नीतीश कुमार यह कहते फिर रहे थे -कि वे मर जाना पसंद करेंगे लेकिन भाजपा के साथ लौटना पसंद नहीं करेंगे। उन्होंने एनडीए से अलग होते समय भाजपा पर जेडीयू को कमजोर करने का आरोप भी लगाया था। उधर भाजपा की तरफ से भी गृह मंत्री अमित शाह का उसी समय बयान आया था कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए बंद हो चुके हैं। परन्तु इन सभी 'कथनों' को दरकिनार करते हुये दोनों ने ही एक दूसरे से हाथ मिला लिया ? हालांकि जे डी यू के कुछ नेताओं की तरफ से इस घटनाक्रम का दोष कांग्रेस पर मढ़ने की हास्यास्पद कोशिश की जा रही है। परन्तु दरअसल इस बार का पाला बदल नितीश कुमार पर बदनामी के साथ साथ अवसरवादिता की पराकाष्ठा की भी छाप छोड़ जायेगा।

आर जे डी के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी तो यहाँ तक कहते हैं कि नीतीश के बारे में राजनैतिक विशेषज्ञ कुछ नहीं बता सकता बल्कि उनके बारे में तो 'मनोचिकित्सक' ही बता सकता है। नीतीश ने तो स्वयं ही विपक्ष के लोकतंत्र बचाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए थे। उन्हें तो शर्म आनी चाहिए, यह धोखा देना है। यदि उन्हें कोई शिकायत थी तो वे बात कर सकते थे। ह्लजबकि कांग्रेस ने नीतीश कुमार पर धोखा देने और रंग बदलने का आरोप लगाया है। परन्तु कुछ राजनैतिक विश्लेषक इस पूरे नाटकीय घटनाक्रम के पीछे कुछ और ही वजह बता रहे हैं। कहा जा रहा है कि ह्लजेडीयू के नेताओं व उनके निकट सहयोगियों पर जांच एजेंसियों का कसता शिकंजा इसकी प्रमुख वजह है। मिसाल के तौर पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गत वर्ष सितंबर में जेडीयू विधान पार्षद राधाचरण सेठ की मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में हुई गिरफ़्तारी। बाद में पिछले ही साल नीतीश कुमार के एक और निकट सहयोगी जेडीयू विधायक और मंत्री विजय चौधरी के साले अजय सिंह उर्फ कारू सिंह के आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी,जेडीयू के करीबी माने जाने वाले एक और ठेकेदार गब्बू सिंह के ठिकानों पर आयकर विभाग द्वारा की गयी छापेमारी, बेगूसराय में बिल्डर कारू सिंह के आवास पर की गयी छापेमारी आदि केंद्र सरकार के ऐसे शिकंजे थे जिनके बाद यह संभावना बढ़ने लगी थी कि अब यह जांच नीतीश कुमार के कुछ करीबी अधिकारियों तक भी पहुँच सकती है। माना जा रहा है कि नीतीश के मन में भी यह डर जरूर रहा होगा कि कहीं इन्हीं मामलों में अब उनसे भी पूछताछ न शुरू हो जाए?

एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादक: रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादक: पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**

*वैधानिक सूचना*

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

# मैं तो करूंगा गंदी बात

डॉ. सुरेश कुमार मिश्र उरतृप्त

एक समय की बात है, दिव्य इंटरनेट जगत में, एक ऐसा उद्यम मौजूद था जिसे वेब सीरीज के नाम से जाना जाता था। ये ऑनलाइन शो डिजिटल दृश्यमंडल पर बिखेरे गए खुशियों के छोटे टुकड़े थे, जो लाखों दर्शकों को मनोरंजन प्रदान करते थे। हालांकि, वेब सीरीज की अनगिनत समुंदर में, एक ऐसा शो था जो खास तरह से अलग-था - "डेरेक और डेजी के नाटकीय गलतीयों की ड्रामाटिक कहानियाँ"।

डेरेक और डेजी मध्यमता के परिपूर्ण प्रतीक थे। वे दो लपेटे-फुंगे और गुमराहाट से भरी चरित्र थे जिनकी गलतीयाँ सामान्य बुद्धियाचार के कानूनों को चुनौती देने वाली थीं। वेब सीरीज उनके दिनचर्या के घटिये पर मुख्य थी, जैसे कि आई के फर्नीचर को इकेया करने से लेकर अपने अपने ही पड़ोस को खोने तक। श्रृंगार बढ़ा वाली एक एपिसोड में, खाना बनाने की कोशिश करते समय उन्होंने अज्ञात रूप से अपने अपार्टमेंट में आग लगा दी। दूसरे एपिसोड में, उन्होंने पूरे दिन सुपरमार्केट में खो गए, जबकि बाहर निकलने वाला रास्ता उनके घर के पहुंच से सीधे था। शो हंसी और हर्ष से भरी हथकड़ी की एक अद्भुत घटना थी, और दर्शक इससे पर्याप्त नहीं पा रहे थे। हालांकि, परदे के पीछे, "डेरेक और डेजी के नाटकीय गलतीयों की ड्रामाटिक कहानियाँ" का निर्माण चेष्टा रहित था, शो के सृजनकर्ता, एक वांछक संगीतकार नामक फिल डंडरहेड, अपने आप को वेब सीरीज दुनिया का विद्वान मानते थे। वास्तव में, वह उलटा था - एक अजीब और गुमनाम बालक जो किस्मत से कहानी के जगत में गलियारे में चौकिदार बन गया था। फिल सभी ओर हादसापूर्ण था। उसकी रचनात्मक प्रक्रिया में एक बोर्ड पर डार्ट मारकर से शुरू होती थी और जहां डार्ट लगता था, वही कोई विचार चुन लेता था। इससे अक्सर ऐसे एपिसोड बनते थे जहां डेरेक और डेजी असमर्थ स्थितियों में खुद को पाते थे, जैसे कि गलती से किसी षड्यंत्र में शामिल होना या प्रतियोगी पाई खाने की प्रतियोगिता में भाग लेना। फिल को लगता था कि ये अत्यंत अजीब कहानीबोध की शिखर हैं और शो के सफलता की कुंजी हैं। और भी, अवस्था और खराब बनाते जाने के बावजूद, फिल को यह भरोसा रहता था कि "डेरेक और डेजी के नाटकीय गलतीयों की ड्रामाटिक कहानियाँ" महानता के लिए निवेदनशील हैं।

# ठंड में रजाई बालम प्यारा लागे

सूर्यदीप कुशवाहा

घनघोर सर्दी का पड़ना और कुंवारा रहना कलयुग में कष्टकारी अभिशाप है। पूर्व जन्म का पाप है। किसी ऋषि के अपमान का श्राप है। जनम -जनम का दुःख भुलाया जा सकता है। लेकिन सर्दी को अकेले नहीं भुनाया जा सकता।अब पढ़ाई -लिखाई रोजगार खोजने में उम्र सरक कर पचपन जा रही है। बेरोजगारों को तो लुगाई भी नसीब नहीं है। सरकारी योजनाओं में लुगाई भी लैपटॉप- सा फ्री बटने की मांग की जा सकती है। चुनावी मुद्दा बन सकता है। वैसे सर्दी में कुंवारा रहना राष्ट्रीय आपदा है। अगर आपदा है तो सरकार का फायदा है। इससे फायदा कुंवारे पचपन वालों का भी हैं। अभी तो दिल जवान है। उम्मीद पर दुनिया कायम है। दिल अभी मुलायम है। विवाह करने की कोई उम्र नहीं की जिद कायम है। भई कलयुग में भी कब्र पर बैठे उम्रदराज मर्द 24 उम्र वाली अप्सरा से विवाह कर कुंवारों को दर्द दे रहे हैं। ठंडी पियक्कड़ों के लिए बहाना है। गरमाहट का तराना है। मौसम में हुई चूक जाम से गर्म करते हैं। ठंडी संगीन और सनसनीखेज समय है। ऐसे में एहतियात ही बचाव है। इसीलिए ठंडी चाहे जितना कमीना निकले वह आराम से सुरापान करते हैं। बंदा और ठंडा देखने में कितना शरीफ लगता है। लेकिन बुलबुला उतना ही उठता है।शराफत की खाल कहाँ कोई उतरता है। पता नहीं किस जनम का बैर निकाला ठंडी ने। वे मयखाने में बॉटल में इस कदर डूबे हुए थे कि उनका नियत भी डूबा गया। डूबने वाले हर जगह डूब जाते हैं बिन नदी तालाब और समुद्र के। सर्दी में रजाई में डूबना सुकून देता है। जीने की वजह बन जाती है। विवाह का लड्डू न खाने का मलाल कुंवारों को होता है। पर भाग्य भी तो कुछ होता है। दुर्भाग्य के सामने तो सबकी घिग्घी बंध जाया करती है। हिम्मते मर्दे मददे खुदा। इस प्रकार वह होगा कुंवारेपन से जुदा। काली रातें भी रंगीन होंगी पर जिम्मेदारी होगी तब। हालांकि विवाह का जोखिम भी है। लेकिन जोखिम का सर्दी में फायदा भी है। फायदा तो हर कोई चाहता है। कुंवारों की सर्दी में सांसें मंहगाई की तरह उछलती हैं। सर्दी में नाक से तरल पदार्थ सब्जी के भाव की तरह लड़खड़ाने लगती है।

## न्यूज फ्लैश

### भूमि सरकारी, भू माफिया बेचकर भर रहे जेब

**उद्यान प्रभारी ने एसडीएम को फिर सौपी सूची**

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

उद्यान विभाग के बरसाना प्रभारी ने एसडीएम को एकबार फिर ऐसे अतिक्रमणकारियो की सूची सौंपी है, जिन्होंने सरकारी भूमि पर कब्जा ही नहीं किया है, अपितु फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसको बेचा भी जा रहा है।

राजकीय भूमि खसरा न. 133 व 137 का मौजा बरसाना में स्थित है । इस भूमि को 1973 में देखरेख के उद्देश्य से उद्यान विभाग के सुपुर्द कर दिया था। उक्त भूमि पर पहले से ही कुछ लोग रह रहे थे। उनको विस्थापित नहीं किया गया। परिणाम यह हुआ कि इसकी आड़ में उक्त जमीन पर रह रहे लोगों ने जालसाजी कर कूटरचना शुरू कर दिया।

खाली जमीन को हड़पने लगे। विभाग मौन रहा। जब देखा कि धीरे-धीरे खाली भूमि कम हो रही है तो अधिकारियों की आंखे खुली। बीते दिन उद्यान प्रभारी कुमर सिंह ने एसडीएम को पुन शिकायत की,कहा-

उद्यान विभाग की खाली जमीन पर प्रीति पत्नी जयपाल , रतिराम पुत्र विरजो , मोहन श्याम पुत्र जग्गो व दिगंबर पुत्र सुघड़ सिंह , ब्रजभूषण पुत्र शेर सिंह , मुकेश पुत्र छोटेलाल निवासी वाल्मीकि मौहल्ला बरसाना ने 25.01.2024 को षड्यंत्र रचते हुए विभाग की राजकीय भूमि को कूट रचित दस्तावेज तैयार कर विक्रय कर दिया है । ये लोग राजकीय भूमि पर रोपित पेड़ पौधों को भी नुकसान पहुंचा रहे है। उद्यान अधिकारी ने एसडीएम से भूमि को दबंग भू माफियाओं से मुक्त कराकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### डीसीपी बल्लबगढ़ राजेश दुग्गल ने थाना आदर्श नगर में सीनियर सिटीजन, महिलाओं और आमजन को नशा व विभिन्न अपराधों के प्रति किया जागरूक,

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस उपायुक्त बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल ने 30 जनवरी को थाना आदर्श नगर में थाना क्षेत्र में पड़ने वाले गांवों व सोसाइटी में रहने वाले सीनियर सिटीजन, महिलाओं और आमजन को यातायात नियम, साइबर अपराध, नशाखोरी व उसके दुष्परिणाम और सीनियर सिटीजनों के हकों के बारे में जागरूक किया गया। इस मौके पर एसीपी राजेश लोहान, निरीक्षक माया देवी पुलिस सीनियर सिटीजन सेल इंचार्ज, थाना प्रबंधक आदर्श नगर निरीक्षक संजय सिंह व थाना की पुलिस टीम मौजूद रही। इस दौरान थानाक्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों में सुशील बिश्नोई, सीताराम चौधरी, भारतपाल सिंह, राम अवतार आर्य, राजदीप नेताजी, ओमप्रकाश, प्रेम सिंह, धर्मवीर सिंह व अन्य वरिष्ठ नागरिक व क्षेत्र के अन्य लोग मौजूद रहे। महिलाओं में अनीता कुमारी, रामवती देवी मीना रानी, मधु, मुबीना, ममता पर अन्य कई महिलाएं भी मौजूद रही। इस संबंध में जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद पुलिस लोगों को लगातार विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम करके लोगों को जागरूक करने का काम कर रही है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार के अपराधों के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत भी लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया है।

साइबर अपराध व उससे बचाव हेतू जानकारी-

इस दौरान डीसीपी बल्लभगढ़ राजेश दुग्गल ने लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि वर्तमान समय में ज्यादातर लोग अपना अधिकतर समय इंटरनेट पर बिताते हैं और अपने ज्यादातर कार्य भी इंटरनेट के माध्यम से ही करते हैं। इसी वजह से साइबर अपराधी इंटरनेट पर हमारी छोटी सी चूक के इंतजार में बैठे रहते है। साइबर अपराधियों को थोडी सी भी चूक मिलने पर वह लोगों के खातों में से कुछ ही पल में सारी जमा पूंजी उडा लेते हैं। साथ ही लोगों को जानकारी दी गई कि हमें अपने साथ घटित होने वाले संभावित साइबर अपराध से बचाव हेतू बहुत ही सावधानियां बरतनी होंगी। हमें किसी भी व्यक्ति को अपनी निजी जानकारियां, बैंक डिटेल व ओटीपी आदि किसी भी व्यक्ति के साथ सांझा करने से बचना होगा। अज्ञात या फर्जी नम्बरों से आने वाले फोन कॉल्स से सावधान रहना होगा। किसी भी अज्ञात नम्बर से प्राप्त होने वाली कॉल्स को हमें नही उठाना चाहिए, अगर उठा भी लिया है तो उससे सतर्क रहना होगा। डायल 112 के बारे में जानकारी-

डीसीपी बल्लभगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिती में, दुर्घटना के समय या पुलिस मदद के लिए डायल 112 पर सम्पर्क करें। इसके अलावा पुलिस को किसी भी अपराधी, अपराध, संदिग्ध व्यक्ति या संदिग्ध वस्तु के बारे में जानकारी देने के लिए भी डायल 112 पर सम्पर्क करें।

# सीएम ने जनवरी 2023 में 50000 नौकरियां देने का वादा किया था : जगवीर हुड्डा

**निशाना साधा**

**8 सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा और जजपा सरकार पर निशाना साधा**



**रोहतक/टीम एक्शन इंडिया**

आम आदमी पार्टी यूथ विंग के प्रदेश संयुक्त सचिव जगवीर हुड्डा ने बुधवार को सरकारी नौकरियों में भर्ती प्रक्रिया को लेकर भाजपा और जजपा सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि यदि सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की भी लिस्ट जारी करें, नहीं तो प्रदेश के युवाओं से माफी मांगने का काम करें।

उन्होंने कहा सीएम खट्टर ने 6 जनवरी 2023 को एक ट्वीट किया था जिसमें उन्होंने कहा था कि "वर्ष 2023 में ग्रुप सी और डी के लिए हम हरियाणा में 50,000 भर्तियां करने जा रहे हैं। प्रदेश वासी अपना विश्वास बनाए रखें और किसी के बहकावे में न आए।" उन्होंने कहा कि पूरा एक साल बीतने के बाद 50,000 तो दूर, सीएम खट्टर 2023 में दी गई एक हजार नौकरियों की लिस्ट भी सार्वजनिक कर दें तो उनका बड़ा आभार होगा। ताकि प्रदेश के युवाओं को भी पता चलेगा कि सीएम खट्टर उनके लिए कितना कुछ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब भाजपा की सोशल मीडिया ट्रॉल्स की टीम ने आम आदमी पार्टी को इस मुद्दे पर टारगेट किया तो किसी ट्रोलर ने अपने जवाब में कौन सी नौकरियां दी इसके बारे में जिक्र नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा में ऐसे शख्स के पास नौकरियां देने की जिम्मेदारियां आ गई है जिसे नौकरी का न भी नहीं पता। भाजपा सरकार को पहले ग्रुप सी की 32000 भर्तियां पूरी करनी थी जो कोर्ट में अटकी पड़ी है। भाजपा सरकार अब ग्रुप डी की साढ़े 13000 भर्तियां कर रही है। लेकिन जब ये साढ़े 13000 भर्तियां हो जाएंगी और कल को जब ग्रुप सी की भर्तियां करेंगे तो इनमें से 10000 बच्चे ग्रुप सी में सेलेक्ट होकर अपनी ग्रुप डी की नौकरी छोड़कर ग्रुप सी की नौकरी में चले जाएंगे और ग्रुप डी की पोस्ट वापस से खाली हो जाएंगी। यानी भाजपा सरकार ने जो साढ़े 13000 नौकरियों का दावा किया वो मात्र एक बेवकूफाना हरकत बनकर रह जाएगी। खट्टर सरकार बताए कि ऐसी भर्तियों का क्या मतलब है

उन्होंने कहा कि ये ग्रुप डी की भर्तियां भी तब मानेंगे जब खट्टर सरकार इस भर्ती को पूरा कर दे। क्योंकि अभी तक ऐसी एक भी भर्ती नहीं है जो कोर्ट में न अटके। अब हरियाणा सरकार ने 28 जनवरी को होने वाली वेटरनरी सर्जन की परीक्षा को रद्द कर दिया। उससे पहले न जाने ऐसे कितने केस हरियाणा की जनता देख चुकी है। उन्होंने कहा कि क्या ऐसी अतार्किक भर्ती नीति किसी सरकार की हो सकती है

## श्रम विभाग ने सात बाल मजदूर किये चिन्हित

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

बाल मजदूरी को लेकर न्यायपालिका और कार्यपालिका गंभीर है बाल श्रम उन्मूलन के लिए समय-समय पर अभियान चलाया जाता रहा है

इसी क्रम में श्रम विभाग के मथुरा कार्यालय के द्वारा एक टीम गठित कर बाल श्रम उन्मूलन अभियान को चलाते हुए विभिन्न प्रतिष्ठानों से सात बाल मजदूरों को अब मुक्त कराया गया।

जानकारी के अनुसार शासन के निर्देश पर , जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा के निदेर्शानुसार सहायक श्रमायुक्त एम एल पाल के नेतृत्व में बुधवार को बीएसए रोड,सौंख रोड, भूतेश्वर क्षेत्र में बाल श्रम उन्मूलन अभियान चलाया गया। जिसमें विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तो आर के मोटर्स, बाबा ऑटो रिपेयर, खंडेलवाल ट्रेडर्स , गोयल ऑटो पर काम करते हुए सात नाबालिक बच्चे पाए गए '

जिनमें से चार की उम्र प्रथम दृश्य 14 साल से कम पाते हुए उन बच्चों को रेस्क्यू कर टीम ने अपने संरक्षण में लिया तथा उनकी आयु परीक्षण हेतु अग्रिम कार्रवाई की गई।

टीम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष बाल कल्याण समिति राजेश दीक्षित, श्रम प्रवर्तन अधिकारी एस पी पांडेय, श्रीमती नीलम अवस्थी,प्रभारी एएचटीयू कर्मवीर सिंह,बाल संरक्षण अधिकारी नरेंद्र परिहार, कांस्टेबल योगेश एवं महिला कांस्टेबल प्रियंका एवं नेहा उपस्थिति रही।

## एसजेवीएन ने श्री नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक को गर्मजोशी से विदाई दी

**शिमला/टीम एक्शन इंडिया**

श्री नन्द लाल शर्मा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एसजेवीएन को कारपोरेट मुख्यालय, शिमला में एसजेवीएन परिवार द्वारा समारोह के दौरान गर्मजोशी से विदाई दी गई। इस अवसर पर श्रीमती गीता कपूर, निदेशक (कार्मिक), श्री ए.के. सिंह, निदेशक (वित्त), श्री सुशील शर्मा, निदेशक (परियोजनाएं) तथा एसजेवीएन कर्मचारियों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। श्री नन्द लाल शर्मा हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) में अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करेंगे।

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, श्री नन्द लाल शर्मा ने एसजेवीएन को भारत और विदेश में तीव्रता से विकास की ओर अग्रसर किया और वर्तमान में कंपनी के पोर्टफोलियो को 5200 मेगावाट से बढ़ाकर 59872 मेगावाट कर दिया है। उनके नेतृत्व ने कंपनी को विभिन्न शीर्षों जैसे हाइड्रो, थर्मल, सोलर, विंड, ट्रांसमिशन,



कंसल्टेंसी और पावर ट्रेडिंग के क्षेत्रों में विकास में सहायता की है। उनके कार्यकाल के दौरान कंपनी के शेयर मूल्य में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रशासन और विद्युत क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ, श्री शर्मा ने चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए एसजेवीएन को वर्ष 2026 तक 12000 मेगावाट के मिशन, 2030 तक 25000 मेगावाट और वर्ष 2040 तक 50000 मेगावाट की स्थापित क्षमता के लक्ष्य की ओर अग्रसर किया।

## 30 जनवरी को मनाया गया कुष्ठ निवारण दिवस

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान के रूप मे मनाया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अजय कुमार वर्मा द्वारा सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों की उपस्थिति में राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर राष्ट्रपिता के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। तदोपरात संकल्प एवं अपील के साथ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

30 जनवरी राष्ट्रीय कुष्ठ निवारण दिवस के अवसर पर स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान एवं पखवाड़े की शुरूआत शपथ दिलाकर की गई।

## 80 हजार विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय हरियाणा के सरकारी स्कूलों में स्किल सब्जेक्ट पढ़ रहे दसवीं और बारहवीं कक्षा के 80 हजार विद्यार्थियों का मूल्यांकन करेगा। यह मूल्यांकन 22 जिलों के 1248 स्कूलों में पहली फरवरी से शुरू होगा। विश्वविद्यालय ने इसके लिए 300 से भी ज्यादा प्रशिक्षित लोगों की टीम तैयार की है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि इस अभियान के लिए हरियाणा शिक्षा परियोजना परिषद के साथ अनुबंध हुआ है। इसके अंतर्गत हरियाणा के विभिन्न स्कूलों में



दसवीं और बारहवीं कक्षा में स्किल सब्जेक्ट पढ़ने वाले 80 हजार 53 विद्यार्थियों के मूल्यांकन का जिम्मा श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को मिला है। इनमें दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों की संख्या 44 हजार 492 है, जबकि बारहवीं के 35 हजार 561 विद्यार्थी शामिल हैं। विशेषज्ञों की टीम प्रैक्टिकल असेसमेंट करेगी और विद्यार्थियों का सर्टिफिकेशन किया जाएगा। यह मूल्यांकन स्किल पर आधारित 15 सेक्टरों में किया जाएगा। कुलपति डॉ. राज नेहरू ने बताया कि यह मूल्यांकन नेशनल स्किल क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के मानकों पर होगा।

# विधायिका ने महिला सशक्तिकरण व जागरूकता के प्रयासों को सराहा

**श्रेय**

**8 आईएमएसएमई आफ इंडिया को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल का गठन 15 साल पहले कर दिया।**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

बडखल विधानसभा क्षेत्र की विधायिका श्रीमति सीमा त्रिखा ने कहा है कि वर्तमान परिवेश में समाज, उद्योग और कारपोरेट क्षेत्र में जिस प्रकार महिलाएं अपना वर्चस्व स्थापित कर रही हैं वह निश्चित रूप से सामाजिक उत्थान का ज्वलंत उदाहरण है।



यहां प्रमुख औद्योगिक संगठन आईएमएसएमई आफ इंडिया के वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल की 15वीं वार्षिक आम सभा के अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित महिला उद्योग प्रबंधकों व कारपोरेट जगत से जुड़ी महिलाओं को संबोधित करते हुए श्रीमति त्रिखा ने कहा कि आईएमएसएमई आफ इंडिया को इस बात का श्रेय जाता है कि उन्होंने वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल का गठन 15 साल पहले कर दिया। जोकि महिला साशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम कहा जा सकता है। आईएमएसएमई आफ इंडिया के चेयरमैन श्री राजीव चावला की सराहना करते हुए श्रीमति सीमा त्रिखा ने कहा कि श्री चावला औद्योगिक क्षेत्र ही नहीं सामाजिक क्षेत्र में भी तत्परता से कार्यरत है जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल का गठन और उसकी सक्रियता है। वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल की प्रधान श्रीमति जया गोयल ने श्रीमति त्रिखा व उपस्थितजनों का स्वागत करते हुए कहा कि वूमैन सैल ने पिछले 15 वर्षों में महिलाओं के साशक्तिकरण तथा रोजगार के साथ-साथ उनमें आंत्रेप्यूनरशिप की भावना का विकास करने का कार्य किया है।

सुश्री जया गोयल ने आईएमएसएमई आफ इंडिया के पैनल से महिला साशक्तिकरण हेतु किये जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि विभिन्न सेमिनार, प्रोग्रैसिव प्रोजैक्ट, वर्कशाप आयोजित कर महिलाओं को वर्तमान परिवेश के अनुरूप जागरूक करने का जो बीड़ा उठाया गया उसमें पैनल सफल रहा है।वूमैन आंत्रेप्यूनर सैल के संबंध में जानकारी देते हुए आईएमएसएमई आफ इंडिया के चेयरमैन श्री राजीव चावला ने बताया कि इस सैल का गठन इसी उद्देश्य से किया गया कि महिला प्रोफैशनल्स व उद्यमियों सहित वर्किंग वूमैन के समक्ष आने वाली चुनौतियों व समस्याओं पर फोकस केंद्रित किया जाए।

## नशा इंसान को बबार्दी की तरफ ले जाता है - पुलिस आयुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, 31 जनवरी (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद पुलिस के द्वारा नशा के प्रति लोगो को नुक्कड सभा, नुक्कड नाटक, नशा मुक्ति वैन से नशे से होने वाली हानि की फिल्म दिखाकर व लोगो के बीच जाकर जागरुक किया जा रहा है। माननीयः पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार, फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न मुकदमों में बरामद मादक पदार्थ को पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य की देखरेख में आग के हवाले किया गया। जिला फरीदाबाद में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी के चेयरमैन पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य, डीसीपी मुख्यालय अभिषेक जोरवाल, एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत सहित गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में फरीदाबाद पुलिस थाना पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम के द्वारा अवैध रुप से की जा रही नशा तस्करी में विभिन्न 114 मुकदमों में बरामद किए गए ड्रग्स को अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवा कर सुरक्षित तरीके से कानूनी प्रक्रिया के तहत आग के हवाले किया गया। इन मुकदमों में फरीदाबाद पुलिस के 114 मुकदमों में जप्त किया गया नशीला पदार्थ शामिल है। जिसमें गांजा के 90 व स्मैक, इंजेक्शन, हेरोइन, मेथमहेटामाइन ड्रग, गोलियां और कैप्सूल इत्यादि के 23 मुकदमें है। दर्ज किए गए 114 मुकदमों में 110 मुकदमे फरीदाबाद पुलिस तथा 4 मुकदमे जीआरपी के शामिल है।

## प्लेसमेंट सेल द्वारा दो-दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

पं. जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय फरीदाबाद के प्लेसमेंट सेल द्वारा प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर के निर्देशन तथा श्री ललित कुमार (इंचार्ज प्लेसमेंट सेल) के संयोजन में 29 व 30 जनवरी को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कराया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी दुधौला, पलवल से श्रीमती मीनाक्षी कौल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थिति रही, जिन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को व्यक्तित्व निर्माण, कर्तृत्व कौशल, अभिव्यक्ति कौशल, साक्षात्कार कौशल आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रुचिरा खुल्लर ने भी अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किये तथा सभी को प्लेसमेंट सेल के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया ।

## चंडीगढ़ मेयर चुनाव में की भाजपा ने लोकतंत्र की हत्याः भाटी

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

फरीदाबाद के सेक्टर-11 स्थित जिला कार्यालय पर पत्रकार वार्ता के दौरान लोकसभा अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, जिला अध्यक्ष हरेंद्र भाटी, प्रदेश सह -सचिव राकेश भड़ाना, प्रदेश सह -सचिव प्रवेश मेहता,प्रदेश सचिव लीगल विंग्स दिनेश भारद्वाज,ब्लॉक प्रधान चौधरी चन्द्र पाल, ओबीसी जिलि उपाध्यक्ष देवराज गौर, रवि भड़ाना आदि ने कहा कि भाजपा की बेइमानी वीडियो में कैप्चर हो गई है। जबरदस्ती मेयर बनाना पूरी तरह से गलत



है। मसला यह नहीं कि मेयर किसका बनना चाहिए, चुनावों मे हार जीत लगी रहती है, कभी वो जितते है तो कभी हम, परंतु देश नहीं हारना चाहिए, देश जरूरी है। जनतंत्र नहीं हारना चाहिए, पार्टिया आती जाती रहती है, मेयर आते जाते रहते है। उन्होंने कहा कि दो साल बाद चंडीगढ़ में चुनाव हुए जिसमें 13 आम आदमी पार्टी के पार्षद, सात कांग्रेस के और 15 भाजपा प्लस एक अकाली दल शामिल थे। इंडिया गठबंधन होने के चलते कांग्रेस और आम आदमी पार्टी साथ हो गए, जिस हिसाब से 20 उनके पार्षद हो गए और 16 भाजपा के, इसके बावजूद भाजपा ने सभी मयार्दाओं का हनन करके अपना मेयर बना दिया। उन्होंने कहा कि आज मेयर के चुनाव में तो ये लोग रंगे हाथों पकड़े गए, ये वीडियो सामने आ गया। अभी तक देश में ना जाने कितने चुनावों में इन्होंने इस कि स्म के फजीवाड़े किए होंगे, ना जाने कितने चुनाव इस तरह बेईमानी से जीते होंगे चंडीगढ़ मेयर चुनाव में दिन दहाड़े बेईमानी करके भाजपा को जिता दिया गया। देश के लोकतंत्र के लिए ये गुंडागर्दी बेहद खतरनाक है।

# एसएसबी हॉस्पिटल ने अत्याधुनिक हाइब्रिड प्रक्रिया ने बचाई व्यक्ति की जान

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**

एस.एस.बी. हार्ट एंड मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल ने चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। गाजियाबाद के एक मरीज की जान बचाने के लिए एस.एस.बी अस्पताल ने पहली बार हाइब्रिड प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। महाधमनी विच्छेदन के टाइप ए के इलाज में पारंपरिक सर्जरी और एंडोवास्कुलर स्टेंटिंग को मिलाकर की गई यह प्रक्रिया बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। मरीज दिल्ली के एक बड़े अस्पताल में दाखिल था जहां संतुष्टि न होने के कारण जब वह एस.एस.बी. अस्पताल पहुंचे



तो उन्हें सीने में दर्द, खतरनाक रूप से बढ़ा हुआ ब्लड प्रेशर और अचानक किडनी फेलियर की समस्या थी। जांच में पता चला कि उन्हें टाइप ए महाधमनी विच्छेदन हुआ था, जो जानलेवा स्थिति है। इस स्थिति का इलाज

**उपलब्धि**

**8 एस.एस.बी. हार्ट एंड मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल ने चिकित्सा जगत में उपलब्धि हासिल की है।**

बेहद जटिल है क्योंकि न तो पूरी महाधमनी की सर्जरी संभव है, न ही पूरे महाधमनी में एंडोवास्कुलर स्टेंट ग्राफ्ट किया जा सकता है, क्योंकि इससे मस्तिष्क और दोनों हाथों की धमनियों में रक्त का प्रवाह रुक सकता है। इस जटिल परिस्थिति को देखते हुए अस्पताल के दो सीनियर डॉक्टरों - हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. सुदीप सिंह सिधू (मुख्य हृदय शल्यचिकित्सक) और डॉ. एस. एस. बंसल (एस.एस.बी. अस्पताल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक) ने मिलकर एक अनूठा समाधान निकालाः हाइब्रिड प्रक्रिया। इस प्रक्रिया में दो चरण शामिल थे।

पहले चरण में डॉ. सिधू ने महाधमनी विच्छेदन से पहले शुरूआती महाधमनी को मस्तिष्क और हाथों की धमनियों को बाईपास ग्राफ्ट से जोड़ा। इसके बाद दूसरे चरण में डॉ. बंसल ने महाधमनी में एंडोवास्कुलर स्टेंट लगाकर विच्छेदन को बंद कर दिया।

यह बेहद जटिल प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई, जो चिकित्सा जगत में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। मरीज ने दोनों प्रक्रियाओं के बाद उल्लेखनीय सुधार दिखाया, जो इस बात का प्रमाण है कि हाइब्रिड प्रक्रिया जटिल महाधमनी विच्छेदन के इलाज में कितनी प्रभावी है। यह सफलता न केवल अस्पताल की उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है, बल्कि इसे गंभीर मामलों में अत्याधुनिक चिकित्सा इंटरवेंशन के लिए एक केंद्र के रूप में भी स्थापित करती है।

चिकित्सा जगत इस उपलब्धि को जटिल हृदय रोगों के इलाज की उम्मीद के रूप में देखता है, और यह दिखाता है कि गंभीर से गंभीर समस्या के इलाज को संभव बनाया जा सकता है।

## आईएमए फरीदाबाद ने कोरोना से जान गंवाने वाले डाक्टरों को शहीद दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**

कोविड-19 के दौरान मरीजों की सेवा करते हुए कोरोना की चपेट में आकर अपने प्राणों की आहुति देने वालों चिकित्सकों की याद में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन नीलम बाटा रोड स्थित मिलिनियम होटल में किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा मैं शहर के कई गणमान्य डॉक्टरों ने भाग लिया । इस मौके पर डाक्टरों ने शहीद हुए चिकित्सकों को याद कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित किया और कैंडल जलाकर उनके बलिदान को याद किया । इस मौके



पर शहीद हुए चिकित्सकों के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे। फरीदाबाद शहर की जनता को बेहतरीन इलाज व सेवाएं देने वाले चिकित्सकों को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फरीदाबाद द्वारा मेमेंटोस,शाल ओढ़ाकर उनका स्वागत, सम्मान अभिनंदन किया गया। इस मौके पर आईएमए फरीदाबाद के प्रेसिडेंट डॉ दिनेश गुप्ता ने स्वर्गीय डॉ अलोक गुप्ता , स्वर्गीय डॉ अर्चना भाटिया, स्वर्गीय डॉ संतोष ग्रोवर , स्वर्गीय डॉ आभा सबरवाल ,स्वर्गीय डॉ रेनू गंभीर को नमन करते हुए कहा की हम लोगों के बीच के कई डॉक्टर्स जिन्होंने जनता की सेवा करते हुए अपनी जान की प्रवाह नहीं की

# धूमधाम से मनाया आदर्श रसोई के उपप्रधान राजेश छाबड़ा का जन्मदिन

## राकेश भारद्वाज चौक पर छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर किया आदर्श रसोई का विधिवत शुभारंभ











**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श** नगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सबसे व्यस्ततम चौक यानी "राकेश भारद्वाज चौक" पर आदर्श रसोई के कार्यक्रम में उप प्रधान राजेश छाबड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

**विधिवत रूप से छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर की आदर्श रसोई की शुरुआत**

आदर्श रसोई के उपप्रधान राजेश छाबड़ा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरा छाबड़ा परिवार भी मौजूद रहा। छाबड़ा परिवार ने रिबन काटकर आदर्श रसोई की विधिवत शुरूआत की। श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस मौके पर आदर्श रसोई के पदाधिकारियों ने छाबड़ा परिवार का भव्य स्वागत किया।

**बेहतरीन कार्य कर रही है आदर्श रसोई: राजेश छाबड़ा**

इस अवसर पर राजेश छाबड़ा ने कहा कि आदर्श रसोई निःस्वार्थ रूप से पिछले दो वर्षों से लोगों को नाममात्र के शुल्क में थाली परोस रही है। मुझे खुशी है कि मैं भी पुण्य के कार्य में एक सहभागी बना हूं।

यह हम सबके लिए हर्ष की बात है कि आदर्श रसोई के सभी साथियों ने आदर्श रसोई को आगे बढ़ाने के लिए दिन रात मेहनत की है। आदर्श रसोई की सबसे अनूठी बात यह है कि यह समाजसेवा के साथ-साथ अपने पारंपरिक त्यौहारों, विशेष दिनों को भी बहुत ही उत्साहपूर्वक रूप से मनाती है, जोकि काबिलेतारीफ है।

# पहले की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या: सीएम योगी



**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में देश की बागडोर संभालते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। इसके लिए उन्होंने सॉइल हेल्थ कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा, कृषि सिंचाई, किसान सम्मान निधि जैसी कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना प्रारंभ हुआ। सीएम योगी ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान द्वारा आयोजित "किसान मेला" का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि देश के अन्य राज्यों का किसान प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप परंपरागत खेती के अलावा कृषि विविधिकरण भी अपना रहा है। इससे उनकी आय दोगुनी हुई है। सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने उत्तर प्रदेश के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे उत्तर प्रदेश का किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। यह अन्नदाता किसानों के जीवन में परिवर्तन का एक बड़ा माध्यम बना है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भूमि अत्यंत उर्वरक है। साथ ही यहां प्रचुर मात्रा में जल की उपलब्धता है। उन्होंने कहा कि देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में हमारे 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान प्रदेश में मौजूद हैं।



संसद का बजट सत्र के दौरान संसद परिसर में सोनिया गांधी।

# डकैती मामले में आजम खान समेत सात आरोपित बरी

**टीम एक्शन इंडिया/रामपुर**

उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट ने डूंगरपुर बस्ती में मारपीट, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के मामले में सपा नेता आजम खान समेत सात लोगों को बुधवार को बरी कर दिया। इस मामले में कोर्ट ने जिन लोगों को बरी किया है उनमें आजम खान, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खान, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन, फिरोज खां, रानू खां और ओमेंद्र चौहान शामिल हैं। इससे पहले इन सभी आरोपितों को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। अधिवक्ता नासिर सुलतान ने बताया कि आजम खान के खिलाफ 12 लोगों ने मुकदमे दर्ज कराये थे। इनमें से रूबी नाम की वादी महिला के मामले में सभी को बरी किया गया है। जिले के गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने के 12 मुकदमे वर्ष 2019 में दर्ज हुए थे।

**राहत**

**8 12 लोगों ने मुकदमे दर्ज कराये थे। इनमें से रूबी नाम की वादी महिला के मामले में सभी को बरी किया गया है।**

